Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 135 | बुधवार, 20 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# दिल्ली की रफ्तार थमने के आसार

## किराये में बढ़ोतरी की मांग को लेकर 21 से 23 मई तक ऑटो-टैक्सी की तीन दिवसीय हड़ताल

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सफर करने वाले आम यात्रियों की मुश्किलें आने वाले दिनों में बढ़ सकती हैं। ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों और किराये में संशोधन की मांग को लेकर दिल्ली के वाणिज्यिक वाहन चालकों (Commercial Drivers) की यूनियनों ने 21, 22 और 23 मई को तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी 'चक्का जाम' का एलान किया है।

इस संबंध में 'ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस' ने सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर अपनी प्रमुख मांगें सौंपी हैं। चालक शक्ति यूनियन के उपाध्यक्ष अनुज कुमार राठौर ने कहा, ''सीएनजी, पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण चालक अपने परिवारों का भरण-पोषण करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए, दिल्ली के अन्य संगठनों के समन्वय से चालक शक्ति यूनियन ने 21, 22 और 23 मई को चक्का जाम का आ'ान किया है और इन दिनों वाहन न चलाने की अपील की है।

### शोषण और नीतिगत देरी के आरोप

यूनियनों ने आरोप लगाया कि कमर्शियल ड्राइवरों को आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें मजबूत नीतिगत सुरक्षा की जरूरत है। उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट में अपनी पिछली अपील का हवाला दिया, जिसमें कोर्ट ने अधिकारियों को टैक्सी ड्राइवरों की चिंताओं को दूर करने और किराए को अपडेट करने का निर्देश दिया था।

इसके बावजूद, संगठनों ने कहा कि सरकार कार्रवाई करने में लगातार देरी कर रही है, और यह कह रही है कि फाइल अभी भी उपराज्यपाल (Lieutenant Governor) की मंजूरी के लिए लंबित है।

### ऐप-आधारित सेवाओं को लेकर चिंताएँ

ड्राइवरों ने ऐप-आधारित कैब कंपनियों पर मनमानी कीमतें तय करने का भी आरोप लगाया, और दावा किया कि राजधानी में टैक्सी ऑपरेटरों को 'गुलामी जैसी स्थितियों' में धकेला जा रहा है।

यूनियनों ने बताया कि दिल्ली-NCR क्षेत्र में टैक्सी के किराए में लगभग 15 वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि ईंधन की कीमतें कई गुना बढ़ चुकी हैं। पिछले हफ़्ते, दिल्ली ऑटो रिक्शा यूनियन और दिल्ली प्रदेश टैक्सी यूनियन ने भी मुख्यमंत्री के सामने इसी तरह की चिंताएँ उठाई थीं।

23 मई को दिल्ली सचिवालय में एक संयुक्त विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया है।

### यूनियनों ने तुरंत किराया बढ़ाने की मांग की

यूनियनों के मुताबिक, CNG, पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने मध्यम-आय वाले ड्राइवरों को गंभीर आर्थिक संकट में डाल दिया है। 'चालक शक्ति यूनियन' ने कई समूहों के साथ मिलकर इन तीनों दिनों के लिए पूरे शहर में 'चक्का जाम' का आ'ान किया है। यूनियन के उपाध्यक्ष अनुज कुमार राठौड़ ने कहा कि ड्राइवरों से अपील की गई है कि वे इस दौरान अपने वाहन न चलाएं। 'चालक शक्ति यूनियन' के उपाध्यक्ष अनुज कुमार राठौड़ ने कहा, 'CNG, पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण, मध्यम-वर्ग के ड्राइवरों को अपने परिवारों का भरण-पोषण करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए, दिल्ली के अन्य संगठनों के साथ मिलकर, 'चालक शक्ति यूनियन' ने 'चक्का जाम' (हड़ताल) का आ'ान किया है और 21, 22 और 23 मई को वाहन न चलाने की अपील की है।' यूनियन ने आगे कहा, 'अगर सरकार तुरंत टैक्सी का किराया नहीं बढ़ाती है और एक या दो हफ़्ते के भीतर इस संबंध में कोई अधिसूचना जारी नहीं करती है, तो इस आंदोलन को एक बड़े पैमाने के विरोध प्रदर्शन में बदल दिया जाएगा, जिसके लिए पूरी तरह से दिल्ली सरकार ही ज़िम्मेदार होगी।'

# गृह मंत्री अमित शाह का लाल आतंक पर 'फाइनल स्ट्राइक', बोले- देश से नक्सलवाद का हुआ पूर्ण खात्मा

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर का दौरा किया और कहा कि देश से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि मैं 31 मार्च, 2026 के बाद पहली बार बस्तर आया हूँ। यहाँ केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक हुई। बस्तर के लोगों में उत्साह और भविष्य के प्रति आत्मविश्वास का माहौल हर जगह दिखाई दे रहा है। बस्तर का नक्सल मुक्त होना हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है।

अमित शाह ने कहा कि कई गैर-भाजपा सरकारों ने हमारे नक्सल मुक्त अभियान का समर्थन किया। लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने नक्सल मुक्त अभियान में हमारा साथ नहीं दिया। 13 दिसंबर, 2023 को यहाँ भाजपा सरकार बनने के तुरंत बाद, हमने बस्तर में बचे हुए नक्सलियों को निशाना बनाया। सुरक्षा बलों की वीरता, साहस और बलिदान के कारण, निर्धारित तिथि 31 मार्च, 2026 से पहले ही देश से नक्सलवाद का पूर्णतः उन्मूलन हो गया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में, हमारा लक्ष्य कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार, शिक्षा के माध्यम से सरकारी नौकरियां, शिक्षा के माध्यम से निजी रोजगार और कौशल विकास के माध्यम से निजी रोजगार के अवसर पैदा करना है। साथ ही, सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों और महिलाओं को रोजगार से जोड़ना है। यह एक प्रारंभिक कार्य योजना है।

पहले चरण के पूरा होने के तुरंत बाद हम एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां लगभग 200 सुरक्षा शिविर स्थापित किए थे। सीआरपीएफ, डीआरजी और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान इन शिविरों में रहकर क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करते थे।

लेकिन अब जब बस्तर नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है, हमने निर्णय लिया है कि पहले चरण में इन 200 शिविरों में से 70 शिविरों, यानी लगभग एक तिहाई शिविरों को वीर शहीद गुंडाधर सेवा डेरा में परिवर्तित किया जाएगा।

जगदलपुर में पहली बार केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे यादव और धामी का साय ने स्वागत किया।

इस दौरान साय ने दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा भी की। साय ने कहा कि बस्तर में पहली बार आयोजित हो रही यह उच्च स्तरीय बैठक क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। कभी नक्सली हिंसा की चुनौतियों से जूझने वाला बस्तर आज शांति, सुरक्षा और विकास की नयी पहचान गढ़ रहा है।

ऐसे समय में देश के वरिष्ठ नेतृत्व और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति बस्तर के बदलते स्वरूप का प्रतीक है। मुख्यमंत्री साय ने विश्वास जताया कि यह बैठक अंतरराज्यीय समन्वय को नयी मजबूती प्रदान करेगी तथा विकसित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बस्तर के निर्माण की दिशा में भी ऐतिहासिक भूमिका निभाएगी।

# योग नगरी स्टेशन के पास उज्जैन एक्सप्रेस के 3 डिब्बे पटरी से उतरे, टला बड़ा हादसा, जांच के आदेश



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के ऋषिकेश में सोमवार रात एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। खंड गांव इलाके में योग नगरी रेलवे स्टेशन के पास उज्जैन एक्सप्रेस के तीन डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए। यह घटना सोमवार रात करीब 9:30 बजे की है। राहत की बात यह रही कि हादसे के वक्त ट्रेन पूरी तरह खाली थी और उसमें कोई यात्री सवार नहीं था, जिससे एक बड़ा जान-माल का नुकसान होने से बच गया। शुरूआती जांच से पता चलता है कि नियमित रखरखाव (मेंटेनेंस) के काम के दौरान ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ। इस घटना ने रखरखाव के घंटों के दौरान ट्रेनों की आवाजाही के प्रबंधन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह आरोप भी लगाए जा रहे हैं कि रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी घटना स्थल पर करीब ढाई घंटे तक नहीं पहुंचे। यह हादसा पिछले कुछ दिनों में सामने आई रेलवे से जुड़ी घटनाओं की कड़ी में एक और घटना है। सोमवार सुबह सासाराम में एक ट्रेन में आग लग गई थी, और उससे एक दिन पहले रतलाम जिले में राजधानी एक्सप्रेस 12431 के एक डिब्बे में आग लग गई थी। इस बीच, ट्रेन पटरी से उतरने के तुरंत बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) के जवानों ने मोर्चा संभाला और पटरियों को सुरक्षित करने के लिए भीड़ को वहां से हटाया। रेलवे अधिकारियों ने विस्तृत जांच शुरू कर दी है और कहा है कि घटना के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है।

# 'तूफान आने वाला है': राहुल गांधी ने आर्थिक संकट को लेकर चेताया, कहा-अदाणी-अंबानी के लिए है पीएम मोदी की नीति

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति को लेकर केंद्र सरकार पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है। उन्होंने देश में एक बड़े और विनाशकारी आर्थिक तूफान के आने की चेतावनी दी है।

राहुल गांधी का आरोप है कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी आर्थिक नीतियां और ढांचा तैयार किया है, वह देश की जनता के लिए नहीं है। उनका दावा है कि इस पूरे तंत्र को सिर्फ दो बड़े उद्योगपतियों, अदाणी और अंबानी की तिजोरियां भरने के लिए तैयार किया गया है।

राहुल गांधी ने इस पूरे मामले को समझाते हुए कहा कि जब यह तथाकथित आर्थिक ढांचा ढहेगा, तब इन बड़े पूंजीपतियों का कुछ नहीं बिगड़ेगा। उनके पास देश से बाहर निकलने और खुद को बचाने के सुरक्षित रास्ते मौजूद हैं। लेकिन इस भयानक मंदी की असली मार देश के उस आम आदमी पर पड़ेगी जो कभी इस व्यवस्था का हिस्सा था ही नहीं। उन्होंने कहा कि देश के युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी इस आने वाले संकट के सबसे बड़े शिकार बनेंगे।

### ईंधन के बढ़ते दाम और अदाणी मामले पर खरगे का वार

इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता की जेब काटना और अमेरिकी अदालत से उद्योगपति गौतम अदाणी को क्लीन चिट दिलाना ही पीएम का असली मॉडल है। खरगे ने कहा कि सरकार आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह नाकाम रही है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। खरगे ने आगे कहा कि बीजेपी सरकार में दूरदर्शिता और सही नेतृत्व की भारी कमी है। रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि विदेश में सिर्फ पीआर करने से कोई 'विश्वगुरु' नहीं बन जाता। डॉलर के मुकाबले गिरते रुपये और महंगाई पर प्रधानमंत्री को देश को जवाब देना चाहिए। उन्होंने सरकार को सलाह दी कि वह अपनी विफलताओं पर मंथन करे और सबको साथ लेकर संकट का समाधान ढूंढे।

### नॉर्वे पेंशन फंड पर पीएम मोदी से राहुल ने पूछे सवाल

इस मामले का दूसरा बड़ा पहलू अंतरराष्ट्रीय निवेश से जुड़ा है। दुनिया के सबसे बड़े सॉवरेन वेल्थ फंड, 'नॉर्वे सरकारी पेंशन फंड' ने अदाणी ग्रीन एनर्जी और अदाणी पोर्ट्स को अपनी निवेश सूची से बाहर यानी ब्लैकलिस्ट कर रखा है। फंड ने इसके पीछे वित्तीय अपराध, भ्रष्टाचार के जोखिम और मानवाधिकारों के उल्लंघन जैसे नैतिक कारणों का हवाला दिया था। राहुल गांधी ने इसी मुद्दे पर सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल दागा है। उन्होंने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री ने नॉर्वे सरकार से अदाणी समूह को इस ब्लैकलिस्ट से हटाने का कोई व्यक्तिगत अनुरोध किया है?

### झंडे की बड़ी चूक से सोशल मीडिया पर छिड़ी समानांतर बहस

इस पूरे राजनीतिक हमले के बीच सोशल मीडिया पर एक बेहद दिलचस्प और हैरान करने वाला मोड़ आ गया। राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर जब यह गंभीर सवाल उठाए, तो उनके ग्राफिक्स में एक बहुत बड़ी मानवीय चूक हो गई। उनकी टीम ने पोस्ट में नॉर्वे के लाल, सफेद और नीले झंडे की जगह स्वीडन का पीला और नीला झंडा लगा दिया। इस तकनीकी गलती को लेकर विरोधी दलों ने राहुल गांधी की रिसर्च टीम पर जमकर निशाना साधा, जिससे इंटरनेट पर असली मुद्दे के साथ-साथ इस चूक पर भी बड़ी बहस छिड़ गई।

# पंजाब की लापता सिंगर का मर्डर केस सुलझा, लुधियाना में नहर से मिला शव, 2 अरेस्ट



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**पंजाब।** पंजाब पुलिस ने कुछ दिन पहले लापता हुई 29 वर्षीय पंजाबी गायिका का शव लुधियाना की एक नहर से बरामद किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लुधियाना के जमालपुर निवासी इंदर कौर उर्फ यशिंदर कौर 13 मई को कार में सवार होकर घर से निकली थीं, जिसके बाद से वह लापता थीं। उनके भाई ने सुखविंदर सिंह नामक व्यक्ति पर अपहरण का आरोप लगाया है। सुखविंदर मोगा का निवासी बताया गया है।

गायिका के परिवार के अनुसार, पहले से शादीशुदा होने के बावजूद सुखविंदर,कौर पर शादी करने का दबाव बना रहा था। पुलिस को संदेह है कि कौर और सुखविंदर पहले से एक-दूसरे को जानते थे।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुखविंदर के पिता प्रीतम सिंह और उनके दोस्त करमजीत सिंह को मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि सुखविंदर कथित रूप से वारदात को अंजाम देने के बाद कनाडा फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक, कौर की कार रविवार को नीलों नहर से बरामद हुई, जबकि उनका शव सोमवार को मिला। अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए समराला सरकारी अस्पताल ले जाया गया है और मामले की जांच जारी है।

# जिसने कराई राजीव गांधी की हत्या, उस लिट्टे के पूर्व चीफ को सीएम विजय ने दी श्रद्धांजलि, मुल्लीवाइक्कल का क्यों किया जिक्र?

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और टीवीके प्रमुख सी. जोसेफ विजय ने श्रीलंका के तमिलों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए श्रीलंका के मुल्लीवाइकल की घटना का जिक्र किया, जहां लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के संस्थापक और दुनिया के सबसे क्रूर गुरिल्ला नेताओं में से एक वेलुपिल्लई प्रभाकरन को 18 मई, 2009 को श्रीलंकाई सेना ने मार गिराया था। एक्स पर एक पोस्ट में विजय ने कहा कि हम मुल्लीवाइकल की यादों को अपने दिलों में संजोकर रखेंगे! हम समुद्र पार रहने वाले अपने तमिल भाइयों के अधिकारों के लिए हमेशा एकजुटता से खड़े रहेंगे! विजय की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आईं जब 18 मई को वैश्विक स्तर पर रहने वाली श्रीलंकाई तमिल आबादी और भारत में रहने वाले तमिलों के कुछ वर्गों द्वारा मुल्लीवाइकल स्मरण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका नाम उस स्थान के नाम पर रखा गया है।

बता दें कि मुल्लीवाइक्कल में ही 2009 में इसी दिन श्रीलंकाई सेना ने उन्हें गोली मार दी थी। तमिल नरसंहार स्मरण दिवस के रूप में भी मनाया जाने वाला यह दिन 2009 में श्रीलंका के गृहयुद्ध के अंतिम चरण को चिह्नित करता है और 26 वर्षों तक चले गृहयुद्ध के अंतिम चरण में मुल्लीवाइकल के तटीय गाँव में मारे गए, घायल हुए या लापता हुए हजारों तमिल नागरिकों की याद में मनाया जाता है।

1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में अपनी भूमिका के कारण एलटीटीई भारत में एक प्रतिबंधित संगठन बना हुआ है, जिसमें एलटीटीई प्रमुख को मुख्य आरोपी बनाया गया था।

# लोगों की सुरक्षा जरूरी, डॉग लवर्स की सारी याचिकाएं खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने दिया खतरनाक कुत्तों को 'मौत का इंजेक्शन' देने का आदेश

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने नवंबर 2025 के अपने उस निर्देश को बरकरार रखा, जिसमें सार्वजनिक संस्थानों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया गया था। कई याचिकाओं के बावजूद न्यायालय ने इस फैसले में कोई बदलाव या संशोधन करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने फैसला सुनाया कि यदि आवश्यक हो, तो राज्य को रेबीज से ग्रसित और लाइलाज माने जाने वाले आवारा कुत्तों को इच्छामृत्यु देने में संकोच नहीं करना चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने टिप्पणी की कि न्यायपालिका सार्वजनिक स्थानों पर कमजोर वर्गों द्वारा सामना की जाने वाली वास्तविकताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकती। न्यायालय की टिप्पणियों, जिसमें 'योग्यतम की उत्तरजीविता' की स्थिति का उल्लेख भी शामिल है, ने नागरिकों की सुरक्षा के प्रति राज्य के दायित्व के प्रति उसकी चिंता को रेखांकित किया।

### आदेश सुनाते समय न्यायालय द्वारा कहे गए कुछ प्रमुख कथन इस प्रकार हैं:

पागल, असाध्य रोगग्रस्त या स्पष्ट रूप से खतरनाक/आक्रामक कुत्तों के मामलों में, मानव जीवन और सुरक्षा को होने वाले खतरे को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए, इच्छामृत्यु सहित, कानूनी रूप से अनुमत उपाय किए जाएं। छोटे बच्चों को कुत्तों ने नोंच डाला है, वरिष्ठ नागरिकों पर हमले हुए हैं और यहां तक कि विदेशी पर्यटक भी प्रभावित हुए हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि डार्विन का योग्यतम की उत्तरजीविता का सिद्धांत यहाँ लागू हो रहा है। सरकारी कार्रवाई के अभाव में बच्चों और बुजुर्गों को अपने अस्तित्व के लिए अकेले नहीं छोड़ा जा सकता। लोगों के जीवन और सुरक्षा की रक्षा सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है।

आंकड़े बताते हैं कि देशभर में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। राजस्थान में, श्री गंगानगर में तीन महीनों में 1,483 मामले दर्ज किए गए, जबकि उदयपुर में 2026 में 1,700 से अधिक मामले दर्ज हुए। तमिलनाडु में, इस साल 240,000 मामले दर्ज किए गए, जिनमें मार्च में 71,000 मामले और 34 मौतें शामिल हैं।

यह खतरा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जैसे संवेदनशील स्थानों तक पहुंच गया है, जहां टर्मिनलों और यहां तक कि रनवे पर भी आवारा कुत्ते पाए गए हैं, जो सार्वजनिक सुरक्षा उपायों में गंभीर विफलता को उजागर करता है। राज्य मूकदर्शक नहीं रह सकता। अदालत उन कठोर जमीनी हकीकतों से अनजान नहीं रह सकती जहां बच्चे, अंतरराष्ट्रीय यात्री और बुजुर्ग लोग कुत्ते के काटने की घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता जहां बच्चे और बुजुर्ग लोग शारीरिक शक्ति के भरोसे जीवित रहें।

## संपादक की कलम से

# 3-डी अभियानः बदलाव जो दिखता भी है और बदलता भी है



ललित शर्मा
संपादक

जब उत्सव की धुनें खुशियों की जगह चिंता जगाने लगें और परंपरा अपने मूल अर्थ से दूर हो जाए, तब समाज को खुद को देखने की जरूरत होती है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों की पहचान सादगी रही है, लेकिन शादियों में डीजे का शोर, शराब और 'दापा' (दहेज) जैसी प्रथाओं का दबाव इस गरिमा को प्रभावित कर रहा है। विवाह, जो कभी संस्कार और अपनापन का प्रतीक था, अब कई जगह आर्थिक बोझ बनता जा रहा है। ऐसे समय में जो पहल समाज को सादगी और संस्कार की ओर लौटाए, वह सुधार नहीं, सामाजिक चेतना का पुनर्जागरण बन जाती है। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले का दहेज, दारू और डीजे मुक्त '3–डी अभियान' आज उसी बदलाव की सशक्त मिसाल है। जब कोई अधिकारी कानून से आगे बढ़कर समाज की सोच बदलने का संकल्प लेता है, तभी बदलाव इतिहास बनता है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने '3–डी अभियान' को जनआंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने वर्दी को भय नहीं, विश्वास और संवाद का माध्यम बनाया। झाबुआ से शुरू हुए इस अभियान को उन्होंने बड़वानी में सामाजिक चेतना का आधार बना दिया। वे स्वयं सादगीपूर्ण विवाहों में शामिल होकर परिवारों को सम्मानित भी करते हैं, जिससे लोगों को प्रेरणा मिलती है। गांव–गांव जाकर वे समझाते हैं कि विवाह दिखावे नहीं, संस्कार और सम्मान का उत्सव है। यही कारण है कि '3–डी अभियान' आज समाज में जागरूकता और स्वाभिमान की पहचान बन चुका है। '3ऊअभियान' केवल तीन बुराइयों के विरोध की पहल नहीं, बल्कि उस विकृत सोच के खिलाफ सामाजिक जागरण है जिसने विवाह को संस्कार से अधिक बोझ बना दिया था। गरीब परिवार वर्षों तक कर्ज में डूबते रहे, जमीन गिरवी रखते रहे और कमाई दिखावे में खर्च होती रही। कई घर शादी के बाद भी कर्ज से नहीं निकल पाए। शराब ने खुशियों को विवाद और हिंसा में बदला, जबकि डीजे के शोर ने लोकसंस्कृति को दबा दिया। अब बड़वानी के कई गांवों में विवाह बिना दहेज के हो रहे हैं, बिना शराब के उत्सव सज रहे हैं और ढोल–मांदल की पारंपरिक थाप फिर से सुनाई देने लगी है। सच्चा बदलाव केवल आदतें नहीं बदलता, वह संस्कृति को भी नया जीवन देता है। '3–डी अभियान' की ताकत यही है। आदिवासी समाज की पहचान लोकधुनों, सामूहिक उत्सवों और सादगी में रही है, लेकिन दिखावे की चकाचौंध ने इन्हें हाशिये पर धकेल दिया था। विवाहों में लोकगीतों की जगह शोर और स्थानीय कलाकारों की जगह डीजे ने ले ली थी। '3–डी अभियान' ने इस असंतुलन को चुनौती दी है। अब गांवों में ढोल–मांदल की थाप गूंज रही है, लोकधुनें लौट रही हैं और स्थानीय कलाकारों को सम्मान मिल रहा है। यह पहल केवल कुरीतियों के खिलाफ अभियान नहीं, बल्कि आदिवासी सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण का सशक्त प्रयास बन चुकी है। समाज जब स्वयं बदलाव का प्रहरी बन जाए, तभी क्रांति जन्म लेती है। '3–डी अभियान' की सबसे बड़ी शक्ति यही जनभागीदारी है। '3–डी अभियान' अब केवल सोच नहीं बदल रहा, बल्कि समाज का व्यवहार भी बदल रहा है। जिन विवाहों में कभी शराब, विवाद और तनाव हावी रहते थे, वहां अब सादगी, अनुशासन और आत्मीयता दिखाई देने लगी है। परिवार कर्ज के बोझ से राहत महसूस कर रहे हैं और नई दुल्हनें आर्थिक दबाव नहीं, सम्मान के साथ नए जीवन में कदम रख रही हैं।

## मत बेच अपना संस्कार

उदय किशोर साह

कविता



बाबु चोर के। जग में सब साथी
जैसे जलता है दीपक संग बाती
चोर चोर मौसेरा भाई है जग मशहुर
ऑखें मूंद सब बनते सब मजकूर

राजकोष की हो रही हाथ की सफाई
सरकारी फाईल की हुई जग रूसवाई
कुव्यवस्था पर हो गई जगत हँसवाई
कैसे निपटे जनता समझ ना है। पाई

दफ्तर बना लूट खसोट का नई जहान
झुक रहा देश का सर वो अभिमान
कुरसी की है पावर ,सबको है गुमान
चाहे लुट जाये खुद की ही स्वाभिमान

कहीं दस्तावेज की हो रही है अब चोरी
कर रहे सब मिलकर यहाँ पे हेरा फेरी
टेबल के नीचे चेहरा छिपाये भ्रष्टाचारी
नौकर ही बन बैठे मालिक आज हमारी

लोकतंत्र बन गया घोटाले की संसार
पैसे पे बिक गया। संस्कार व अधिकार
कैसे बने अब देश के राजा। ईमानदार
करना है सभ्य मतदाता को पुन: विचार

कुव्यवस्था के खिलाफ कोई हल्ला बोल
बजा दो भ्रष्ट नेता की सब मिल कर ढोल
गद्दारों की जग में ना है कोई भी मोल
पर जनता की मत है जग में अनमोल

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# वोट की ताकत बनाम नोट की सत्ताः लोकतंत्र का सबसे बड़ा युद्ध



एन0के0शर्मा
लेखक




लोकतंत्र का आधार केवल मतपत्र नहीं, बल्कि विश्वास होता है—वह विश्वास कि एक साधारण नागरिक का एक वोट, सत्ता के सबसे ऊँचे सिंहासन को हिला सकता है। परन्तु जब इस विश्वास के सामने धनबल की ठंडी, कठोर और सुनियोजित शक्ति खड़ी हो जाती है, तब यह संघर्ष केवल चुनावी नहीं रहता, बल्कि यह एक सभ्यता के चरित्र का निर्णायक युद्ध बन जाता है—वोट की ताकत बनाम नोट की सत्ता।

आज के समय में लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडम्बना यही है कि जहाँ वोट समानता का प्रतीक है, वहीं नोट असमानता का सबसे शक्तिशाली उपकरण बन चुका है। वोट उस किसान के हाथ में भी है जो दिनभर खेत में पसीना बहाता है, और उसी वोट का अधिकार उस उद्योगपति के पास भी है जिसके पास अपार संसाधन हैं। सैद्धांतिक रूप से यह व्यवस्था न्यायपूर्ण लगती है, पर व्यवहार में जब चुनावी प्रक्रियाएँ धन के प्रभाव में आ जाती हैं, तब यह समानता केवल कागजों तक सीमित रह जाती है।

नोट की सत्ता केवल चुनाव प्रचार तक सीमित नहीं है; यह विचारों को प्रभावित करती है, एजेंडा तय करती है, मीडिया के विमर्श को मोड़ती है और अंततः जनमत को दिशा देने का प्रयास करती है। जब चुनावी रैलियों की भव्यता, विज्ञापनों की बाढ़, और डिजिटल प्रचार की आक्रामकता मतदाता के मानस को घेर लेती है, तब वोट की स्वतंत्रता धीरे-धीरे नियंत्रित होती चली जाती है। यह नियंत्रण प्रत्यक्ष नहीं, बल्कि अत्यंत सूक्ष्म और मनोवैज्ञानिक होता है—जहाँ व्यक्ति को लगता है कि वह स्वतंत्र निर्णय ले रहा है, जबकि उसके विकल्प पहले ही सीमित कर दिए गए होते हैं।

यह स्थिति केवल किसी एक देश या क्षेत्र की नहीं, बल्कि वैश्विक लोकतांत्रिक व्यवस्था की एक गहरी समस्या बन चुकी है। विकसित देशों में कॉरपोरेट लॉबिंग और चुनावी फंडिंग के माध्यम से नीति निर्माण प्रभावित होता है, तो विकासशील देशों में सीधे तौर पर धनबल का प्रयोग मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। इस प्रकार लोकतंत्र, जो मूलतः जनता की इच्छाशक्ति का प्रतिबिंब होना चाहिए था, धीरे-धीरे संसाधनों के असमान वितरण का प्रतिबिंब बनता जा रहा है।

परंतु इस निराशाजनक परिदृश्य के बीच भी वोट की शक्ति को पूरी तरह कमतर आंकना एक गंभीर भूल होगी। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब जनता ने जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, तब-तब सबसे मजबूत सत्ता संरचनाएँ भी ध्वस्त हुई हैं। वोट में वह नैतिक बल होता है जो किसी भी आर्थिक शक्ति से बड़ा होता है—बशर्ते वह जागरूकता, विवेक और साहस के साथ प्रयोग किया जाए।

असल संघर्ष यहीं से शुरू होता है—क्या मतदाता अपने वोट को केवल एक औपचारिकता मानकर इस्तेमाल करेगा, या उसे एक नैतिक जिम्मेदारी के रूप में देखेगा? क्या वह तात्कालिक लाभों, प्रलोभनों और भावनात्मक उकसावों से ऊपर उठकर दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देगा? यही प्रश्न लोकतंत्र के भविष्य को निर्धारित करेंगे।

नोट की सत्ता का प्रभाव तभी तक है जब तक वोट बिखरा हुआ है, भ्रमित है, या निष्क्रिय है। जैसे ही वोट संगठित, जागरूक और उद्देश्यपूर्ण हो जाता है, वह किसी भी आर्थिक शक्ति को चुनौती देने में सक्षम हो जाता है। यह केवल एक सैद्धांतिक आदर्श नहीं, बल्कि एक व्यावहारिक सत्य है जिसे अनेक जनांदोलनों और राजनीतिक परिवर्तनों ने प्रमाणित किया है। आज आवश्यकता केवल चुनावी सुधारों की नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के पुनर्जागरण की है। शिक्षा, सूचना की पारदर्शिता, मीडिया की निष्पक्षता और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी—ये सभी तत्व मिलकर ही उस वातावरण का निर्माण कर सकते हैं जहाँ वोट की वास्तविक शक्ति प्रकट हो सके। यदि समाज स्वयं सजग नहीं होगा, तो कोई भी संवैधानिक प्रावधान उसे शोषण से नहीं बचा सकता। यह भी समझना आवश्यक है कि लोकतंत्र केवल सरकार चुनने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर संवाद है—जनता और सत्ता के बीच। यदि यह संवाद एकतरफा हो जाए, जहाँ सत्ता केवल धन के प्रभाव में निर्णय ले और जनता केवल दर्शक बनकर रह जाए, तो लोकतंत्र का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। इसलिए 'वोट की ताकत बनाम नोट की सत्ता' का यह युद्ध केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि नैतिक और वैचारिक भी है। यह उस मूल प्रश्न से जुड़ा है कि क्या हम एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते हैं जहाँ निर्णय धन के आधार पर हों, या एक ऐसे समाज का जहाँ प्रत्येक नागरिक की आवाज समान रूप से मूल्यवान हो।

अंततः यह युद्ध किसी एक दिन या एक चुनाव में समाप्त नहीं होगा। यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें हर पीढ़ी को अपनी भूमिका निभानी होगी। वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक उत्तरदायित्व है—और जब यह उत्तरदायित्व ईमानदारी से निभाया जाता है, तब नोट की सबसे शक्तिशाली सत्ता भी उसके सामने टिक नहीं पाती। लोकतंत्र की वास्तविक जीत तब होगी जब मतदाता यह समझ जाएगा कि उसकी उंगली पर लगी स्याही, किसी भी मुद्रा से अधिक शक्तिशाली है—क्योंकि वही स्याही इतिहास की दिशा बदलने की क्षमता रखती है।

# दुनिया के अंदरः 5 सबसे कठिन चिकित्सा परीक्षण



डॉ विजय गर्ग
लेखक




दुनिया में डॉक्टर बनना केवल एक पेशा चुनना नहीं है, बल्कि यह वर्षों की मेहनत, मानसिक मजबूती, अनुशासन और त्याग की यात्रा है। सफेद कोट पहनने से पहले लाखों छात्र ऐसी परीक्षाओं से गुजरते हैं जो केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि धैर्य, समय प्रबंधन और दबाव झेलने की क्षमता की भी परीक्षा लेती हैं।

हर देश की चिकित्सा शिक्षा प्रणाली अलग है, लेकिन कुछ परीक्षाएँ इतनी कठिन मानी जाती हैं कि उनका नाम सुनते ही छात्रों के मन में तनाव पैदा हो जाता है। इन परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत बहुत कम होता है, प्रतिस्पर्धा अत्यधिक होती है और तैयारी में कई वर्ष लग जाते हैं।

आइए जानते हैं दुनिया की 5 सबसे कठिन चिकित्सा परीक्षाओं के बारे में, जिन्होंने लाखों युवाओं के सपनों और करियर की दिशा तय की है।

### नीट यूजी (भारत)

नीट यूजी दुनिया की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में से एक है। भारत में एमबीबीएस और बीडीएस जैसे कोर्सों में प्रवेश पाने के लिए यह परीक्षा अनिवार्य है।

हर वर्ष लगभग 23 लाख से अधिक छात्र इस परीक्षा में बैठते हैं, जबकि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सीटें सीमित हैं। इसका मतलब है कि लाखों छात्रों के सपने केवल कुछ अंकों के अंतर पर टूट जाते हैं।

नीट की कठिनाई केवल प्रश्नों में नहीं, बल्कि प्रतियोगिता के स्तर में है। कई छात्र दो-दो या तीन-तीन वर्षों तक 'ड्रॉप' लेकर तैयारी करते हैं। परिवार की उम्मीदें, कोचिंग संस्कृति और सामाजिक दबाव इसे मानसिक रूप से भी बेहद कठिन बना देते हैं।

आज नीट केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि भारत के युवाओं के लिए मानसिक सहनशक्ति की सबसे बड़ी परीक्षा बन चुका है।

### युएसएमएलई (अमेरिका)

संयुक्त राज्य अमेरिका चिकित्सा लाइसेंसिंग परीक्षा यानी युएसएमएलई अमेरिका में डॉक्टर बनने के लिए आवश्यक परीक्षा श्रृंखला है। इसे दुनिया की सबसे कठिन मेडिकल लाइसेंसिंग परीक्षाओं में गिना जाता है।

इस परीक्षा के कई चरण होते हैं – संटप 1, संटप 2 और संटप 3। इसमें केवल रटने से काम नहीं चलता; छात्रों को क्लिनिकल सोच, निर्णय क्षमता और वास्तविक मरीजों से जुड़ी परिस्थितियों को समझना पड़ता है।

अमेरिका ही नहीं, दुनिया भर के हजारों डॉक्टर इस परीक्षा को पास कर वहां मेडिकल करियर बनाना चाहते हैं। लेकिन इसकी तैयारी में वर्षों लग जाते हैं और असफलता का दबाव भी बहुत बड़ा होता है।

युएसएमएलई की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह छात्र की 'याददाश्त' नहीं, बल्कि 'मेडिकल निर्णय क्षमता' को परखती है।

### पीएलएबी (ब्रिटेन)

पीएलएबी परीक्षा ब्रिटेन में डॉक्टर के रूप में काम करने के इच्छुक विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स के लिए आयोजित की जाती है। यह परीक्षा दो भागों में होती है। पहले भाग में मेडिकल ज्ञान की जांच होती है, जबकि दूसरे भाग में वास्तविक परिस्थितियों में डॉक्टर की व्यवहारिक क्षमता को परखा जाता है। कई छात्रों के लिए सबसे कठिन हिस्सा भाषा, संचार शैली और ब्रिटिश स्वास्थ्य प्रणाली को समझना होता है। यहां केवल किताबों का ज्ञान पर्याप्त नहीं होता; मरीजों के साथ व्यवहार और नैतिक निर्णय भी महत्वपूर्ण होते हैं। पीएलएबी यह साबित करती है कि चिकित्सा केवल विज्ञान नहीं, बल्कि मानवीय समझ की भी कला है।

### एमसीसीकुउई (कनाडा)

कनाडा की मेडिकल काउंसिल योग्यता यानी एमसीसीकुउई कनाडा में मेडिकल प्रैक्टिस के लिए आवश्यक परीक्षा है। कनाडा की स्वास्थ्य व्यवस्था दुनिया की सर्वश्रेष्ठ व्यवस्थाओं में गिनी जाती है, इसलिए वहां डॉक्टर बनने के लिए मानक भी बेहद ऊँचे हैं। इस परीक्षा में क्लिनिकल निर्णय, नैतिकता, मरीज सुरक्षा और व्यावहारिक ज्ञान का गहन परीक्षण किया जाता है। विदेशी डॉक्टरों के लिए यह परीक्षा विशेष रूप से कठिन मानी जाती है क्योंकि उन्हें नए चिकित्सा ढांचे और अलग चिकित्सा संस्कृति के अनुसार खुद को ढालना पड़ता है। इस परीक्षा की तैयारी केवल अकादमिक नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्तर पर भी चुनौतीपूर्ण होती है।

### गाओकाओ मेडिकल सीट्म(चीन)

गाओकाओ चीन की राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा है, जिसे दुनिया की सबसे कठिन परीक्षाओं में गिना जाता है। मेडिकल स्ट्रीम में प्रवेश पाने के लिए छात्रों को अत्यधिक उच्च अंक लाने पड़ते हैं।

चीन में लाखों छात्र वर्षों तक बेहद कठोर दिनचर्या के साथ तैयारी करते हैं। कई स्कूलों में छात्र सुबह से देर रात तक पढ़ाई करते हैं। गाओकाओ केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि चीन के युवाओं के भविष्य का निर्णायक मोड़ माना जाता है। एक छोटा-सा स्कोर अंतर भी छात्र के पूरे करियर को बदल सकता है। इस परीक्षा का मानसिक दबाव इतना अधिक होता है कि इसे कई विशेषज्ञ 'जीवन बदल देने वाली परीक्षा' कहते हैं क्यों इतनी कठिन हैं ये परीक्षाएँ? इन परीक्षाओं की कठिनाई के पीछे केवल कठिन प्रश्न नहीं हैं। असली कारण हैंः सीमित सीटें और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा, लंबा सिलेबस, मानसिक और सामाजिक दबाव, वर्षों की तैयारी, असफलता का डर, परिवार और समाज की अपेक्षाएँ, आज चिकित्सा शिक्षा दुनिया भर में 'प्रतिभा' के साथ-साथ 'मानसिक सहनशक्ति' की भी परीक्षा बन चुकी है। क्या केवल परीक्षा पास करना ही सफलता है? दुनिया के कई विशेषज्ञ अब यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या एक कठिन परीक्षा ही किसी अच्छे डॉक्टर की पहचान हो सकती है? एक सफल डॉक्टर बनने के लिए केवल अंक नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, संवाद क्षमता, नैतिकता और मानवीय दृष्टिकोण भी उतने ही जरूरी हैं।

कई छात्र इन कठिन परीक्षाओं में असफल होने के बाद खुद को असफल इंसान मानने लगते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि एक परीक्षा किसी व्यक्ति की पूरी क्षमता तय नहीं कर सकती।

### निष्कर्ष

दुनिया की सबसे कठिन चिकित्सा परीक्षाएँ केवल करियर की सीढ़ियाँ नहीं हैं; वे युवाओं की मानसिक शक्ति, धैर्य और संघर्ष की कहानी भी हैं। इन परीक्षाओं को पास करने वाले छात्र वर्षों की मेहनत और त्याग के बाद डॉक्टर बनते हैं। लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि शिक्षा प्रणाली छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता को भी महत्व दे।\ क्योंकि अंततः चिकित्सा का उद्देश्य केवल डॉक्टर तैयार करना नहीं, बल्कि इंसानियत की सेवा करने वाले संवेदनशील चिकित्सक तैयार करना है।

# कार पर सस्ता, शिक्षा पर ब्याज भारी क्यों?



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका



भारत जैसे विकासशील देश में शिक्षा को हमेशा राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है। हम अक्सर यह कहते हैं कि युवा देश का भविष्य हैं, शिक्षा समाज की रीढ़ है और ज्ञान ही विकास का आधार है। लेकिन जब व्यवहारिक व्यवस्था को देखा जाता है, तो तस्वीर कुछ और दिखाई देती है। विडंबना यह है कि आज भारत में कार खरीदना आसान होता जा रहा है, लेकिन उच्च शिक्षा प्राप्त करना लगातार कठिन और महँगा होता जा रहा है। बैंक आपको नई कार खरीदने के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर तुरंत ऋण देने को तैयार मिल जाएंगे, परंतु वही बैंक जब किसी विद्यार्थी को शिक्षा ऋण देते हैं, तो ब्याज दरें बढ़ जाती हैं, नियम कठोर हो जाते हैं और भविष्य को जोखिम मान लिया जाता है। यह स्थिति केवल बैंकिंग प्रणाली की तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक और आर्थिक प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न भी है। आज भारत में उच्च शिक्षा का खर्च सामान्य परिवारों की सामर्थ्य से तेजी से बाहर होता जा रहा है। मेडिकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, लॉ, निजी विश्वविद्यालयों की पढ़ाई या विदेश में शिक्षा–हर क्षेत्र में फीस लाखों में पहुँच चुकी है। मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए वर्षों की बचत लगा देते हैं, गहने बेचते हैं, भविष्य निधि तोड़ते हैं, फिर भी शिक्षा ऋण लेने की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन दुखद स्थिति यह है कि जिस शिक्षा से एक युवा का भविष्य बनना है, उसी पर सबसे अधिक ब्याज का बोझ लाद दिया जाता है। कार लोन की ब्याज दरें कई बार शिक्षा ऋण से कम होती हैं। अर्थात एक उपभोक्ता वस्तु खरीदना शिक्षा प्राप्त करने से सस्ता पड़ता है। यह केवल आर्थिक असंतुलन नहीं, बल्कि सामाजिक सोच की भी त्रासदी है। बैंकिंग व्यवस्था का तर्क यह होता है कि कार लोन सुरक्षित होता है क्योंकि वाहन बैंक के लिए गिरवी संपत्ति का काम करता है। यदि ऋण लेने वाला व्यक्ति भुगतान न करे, तो कार जब्त की जा सकती है। लेकिन शिक्षा ऋण में बैंक के पास कोई भौतिक संपत्ति नहीं होती। वहाँ केवल छात्र की योग्यता, उसकी डिग्री और उसका भविष्य होता है। इसलिए बैंक इसे जोखिमपूर्ण निवेश मानते हैं। यह तर्क बैंकिंग दृष्टि से भले सही प्रतीत हो, लेकिन राष्ट्रीय दृष्टि से अत्यंत संकीर्ण है। किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ा निवेश उसकी युवा पीढ़ी होती है। एक छात्र जब डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधकर्ता या प्रशासक बनता है, तो उसका लाभ केवल व्यक्तिगत नहीं होता, पूरा समाज उससे लाभान्वित होता है। ऐसे में शिक्षा ऋण को केवल व्यापारिक उत्पाद की तरह देखना दूरदर्शिता नहीं कहलाएगा। वर्तमान समय में शिक्षा ऋण केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि मानसिक दबाव का कारण भी बनता जा रहा है। लाखों विद्यार्थी पढ़ाई पूरी होने से पहले ही ईएमआई और ब्याज की चिंता में घिर जाते हैं। नौकरी मिलने से पहले ही कर्ज का भय उन्हें परेशान करने लगता है। कई छात्र अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुसार करियर चुनने के बजाय केवल अधिक वेतन वाली नौकरियों की ओर इसलिए भागते हैं ताकि ऋण चुका सकें। परिणामस्वरूप शोध, अध्यापन, साहित्य, सामाजिक सेवा और कला जैसे क्षेत्रों में प्रतिभाशाली युवाओं की संख्या घटती जा रही है। समाज धीरे-धीरे केवल वेतन आधारित सफलता का समर्थक बनता जा रहा है। इस समस्या का सबसे अधिक प्रभाव भारतीय मध्यमवर्ग पर पड़ता है। आर्थिक रूप से संपन्न परिवार महँगी शिक्षा का खर्च आसानी से उठा लेते हैं। गरीब वर्ग के लिए सरकार की कुछ योजनाएँ और छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध होती हैं। लेकिन सबसे अधिक संघर्ष उस वर्ग को करना पड़ता है जो 'गरीब' की श्रेणी में नहीं आता, फिर भी लाखों रुपये की फीस वहन करने में सक्षम नहीं होता। ऐसे परिवारों के लिए शिक्षा ऋण मजबूरी बन जाता है। एक पिता पूरी जिंदगी की कमाई बेटे या बेटी की पढ़ाई में लगा देता है, इस उम्मीद के साथ कि शिक्षा भविष्य को सुरक्षित करेगी। लेकिन जब उसी शिक्षा पर भारी ब्याज लग जाता है, तो वह सपना धीरे-धीरे आर्थिक बोझ में बदलने लगता है। आज भारत में शिक्षा का निजीकरण तेजी से बढ़ा है। सरकारी संस्थानों की सीमित सीटों के कारण लाखों छात्रों को निजी कॉलेजों का रुख करना पड़ता है। वहाँ फीस इतनी अधिक होती है कि सामान्य परिवारों के लिए बिना ऋण के पढ़ाई संभव नहीं रह जाती। कई बार छात्र केवल फीस और ब्याज के कारण अपने सपनों के संस्थान छोड़ देते हैं। प्रतिभा आर्थिक क्षमता के सामने हार जाती है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक और प्रगतिशील समाज के लिए चिंताजनक है। यह भी विचारणीय है कि आज के समय में शिक्षा केवल व्यक्तिगत प्रगति का माध्यम नहीं रही, बल्कि आर्थिक और सामाजिक अस्तित्व की आवश्यकता बन चुकी है। बिना उच्च शिक्षा के बेहतर रोजगार प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। ऐसे में यदि शिक्षा ही महँगी और ऋण बोझिल होगा, तो सामाजिक असमानता और बढ़ेगी। जो परिवार आर्थिक रूप से मजबूत हैं, वे आगे निकल जाएंगे, जबकि सीमित साधनों वाले प्रतिभाशाली छात्र पीछे छूटते चले जाएंगे। यह केवल व्यक्ति की हानि नहीं होगी, बल्कि देश अपनी संभावित प्रतिभाओं को खो देगा। भारत सरकार को इस दिशा में गंभीर और दीर्घकालिक कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले शिक्षा ऋण की ब्याज दरों को नियंत्रित किया जाना चाहिए। यदि सरकार वाहन उद्योग, रियल एस्टेट और अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक नीतियाँ बना सकती है, तो शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र के लिए अलग वित्तीय नीति क्यों नहीं बनाई जा सकती? शिक्षा ऋण पर ब्याज न्यूनतम होना चाहिए और पढ़ाई पूरी होने तक ब्याज स्थगन की व्यवस्था व्यापक स्तर पर लागू की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त रोजगार मिलने तक ऋण पुनर्भुगतान में लचीलापन होना चाहिए। वर्तमान व्यवस्था में कई छात्रों पर डिग्री पूरी होते ही ईएमआई का दबाव शुरू हो जाता है, जबकि नौकरी मिलने में समय लग सकता है। यह मानसिक तनाव युवाओं की ऊर्जा और आत्मविश्वास दोनों को प्रभावित करता है। यदि सरकार और बैंक छात्रों को कुछ वर्षों का व्यावहारिक समय दें, तो वे अपने करियर को अधिक स्थिरता के साथ शुरू कर पाएंगे। शिक्षा ऋण के साथ करियर आधारित सहायता मॉडल भी विकसित किए जाने चाहिए। उदाहरण के लिए यदि कोई छात्र शोध, अध्यापन, सामाजिक सेवा या ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करना चाहता है, तो उसके ऋण में विशेष छूट दी जा सकती है। इससे समाज के आवश्यक लेकिन कम वेतन वाले क्षेत्रों में भी प्रतिभाशाली युवाओं का आकर्षण बना रहेगा। दुनिया के कई विकसित देशों में शिक्षा को सामाजिक निवेश माना जाता है। वहाँ सरकारें छात्रों को कम ब्याज पर ऋण, छात्रवृत्ति और आय आधारित पुनर्भुगतान जैसी सुविधाएँ देती हैं। भारत में भी यदि हम 'विश्वगुरु' बनने की कल्पना करते हैं, तो हमें युवाओं को कर्ज के भय से मुक्त करना होगा। केवल भाषणों और नारों से ज्ञान आधारित समाज नहीं बनता, उसके लिए व्यवहारिक आर्थिक समर्थन भी आवश्यक होता है। यह सच है कि बैंकिंग व्यवस्था को भी अपने आर्थिक हित देखने होते हैं, लेकिन शिक्षा को केवल लाभ-हानि के चश्मे से नहीं देखा जा सकता। कार सड़क पर चलती है, लेकिन शिक्षा समाज को आगे बढ़ाती है। वाहन सुविधा देता है, लेकिन ज्ञान राष्ट्र का भविष्य गढ़ता है। यदि कार लोन सस्ता और शिक्षा ऋण महँगा है, तो यह हमारी प्राथमिकताओं के असंतुलन का संकेत है। आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा को उपभोग नहीं, निवेश माना जाए। एक शिक्षित युवा केवल अपनी जिंदगी नहीं बदलता, वह परिवार, समाज और राष्ट्र की दिशा भी बदल सकता है। इसलिए शिक्षा पर लगाया गया हर रुपया भविष्य की नींव होता है। सरकार, बैंकिंग संस्थानों और समाज–तीनों को मिलकर यह समझना होगा कि यदि प्रतिभा आर्थिक बोझ के नीचे दब गई, तो देश का विकास भी अधूरा रह जाएगा। जिस दिन भारत में शिक्षा ऋण को बोझ नहीं, अवसर की तरह देखा जाने लगेगा, उस दिन शायद किसी विद्यार्थी को अपने सपनों की कीमत भारी ब्याज में नहीं चुकानी पड़ेगी। तभी शिक्षा वास्तव में अधिकार बनेगी, सुविधा नहीं।

# आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में प्रधानाचार्य-अभिभावक सामूहिक गोष्ठी का आयोजन

लुकमान खान



**पीलीभीत/पूरनपुर (वेलकम इंडिया)।** आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पुरनपुर (पीलीभीत) में कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'प्रधानाचार्य-अभिभावक सामूहिक गोष्ठी' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष केशव कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक हर्ष गुप्ता, कोषाध्यक्ष देवेश कुमार अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन अंशु वर्मा एवं मोहित अवस्थी द्वारा किया गया।गोष्ठी में प्रधानाचार्य सौरव वार्ष्णेय ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता केवल विद्यालय या शिक्षक की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी – तीनों के संयुक्त प्रयास से ही श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई, दिनचर्या एवं मानसिक स्थिति पर निरंतर ध्यान दें और उन्हें सकारात्मक वातावरण प्रदान करें।बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग अत्यंत आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से विद्यालय में कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों हेतु नियमित ग्रीष्मकालीन कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में निरंतरता बनी रहे और वे आगामी सत्र के लिए मानसिक एवं शैक्षिक रूप से तैयार हो सकें। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन कम से कम 8 घंटे की नींद लेने की सलाह दी गई। साथ ही मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग, विशेषकर अंधेरे में मोबाइल चलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति अभिभावकों को जागरूक किया गया। विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों को मोबाइल का उपयोग सीमित समय तक ही करना चाहिए तथा अभिभावकों को इस पर सतत निगरानी रखनी चाहिए।गोष्ठी में यह भी कहा गया कि विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट एवं हैंडबुक कार्य अनिवार्य किए गए हैं तथा गृहकार्य नियमित रूप से कराया जाएगा।

विद्यालय में नैतिक गतिविधियों, अनुशासन एवं संस्कार आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। अभिभावकों से आग्रह किया गया कि वे अपने बच्चों को परिवार के प्रेम, आपसी संबंधों एवं नैतिक मूल्यों का महत्व समझाएं तथा उनके साथ पर्याप्त समय व्यतीत करें।कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं योग्यता को विकसित करने के लिए खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता को आवश्यक बताया गया।गोष्ठी में विद्यालय अनुशासन, नियमित उपस्थिति, गृहकार्य, समय प्रबंधन एवं शिक्षकों के कार्य पूर्ण कराने पर भी विशेष बल दिया गया।

बैठक में आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

# डीएम की अपील और प्रधानमंत्री की ईंधन बचाने की मुहिम की अनदेखी

## 200 मीटर की दूरी तय करने के लिए सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**पीलीभीत।** पीलीभीत में जिलाधिकारी (डीएम) ज्ञानेंद्र सिंह की अपील और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने की मुहिम की अनदेखी का मामला सामने आया है।

जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) विकास कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह कलेक्ट्रेट परिसर में मात्र 200 मीटर की दूरी तय करने के लिए सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल करते दिख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ईंधन बचाने की विशेष अपील की थी। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए पीलीभीत के डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने खुद मिसाल पेश की थी। उन्होंने अपनी सुरक्षा में लगा 'एस्कॉर्ट वाहन' हटा दिया था, ताकि ईंधन की बबार्दी रोकी जा सके।

इसके साथ ही, डीएम ने जिले के सभी अधिकारियों से कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर पैदल चलने और गाड़ी का उपयोग केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही करने की अपील की थी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में ही एक घटना सामने आई। जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार अपने कार्यालय से महज 200 मीटर दूर स्थित विकास भवन जाने के लिए पैदल निकलने के बजाय अपनी सरकारी गाड़ी में बैठ गए।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि अधिकारी ने प्रधानमंत्री और डीएम की सादगी व ईंधन बचाने की अपील को दरकिनार कर दिया। वह अकेले गाड़ी से यह छोटी दूरी तय कर रहे थे।

कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर नियमों की अनदेखी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैला, जिससे प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई। मामला संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं।

# निष्प्रयोज्य घोषित राजकीय वाहनों, विभिन्न अपराधों मे लिप्त



लुकमान खान

**पीलीभीत (वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व, पीलीभीत के अन्तर्गत माला, महोफ, बराही, हरीपुर एवं दियोरिया रेजों तथा मुख्यालय परिसर मे खड़े निष्प्रयोज्य घोषित राजकीय नौ वाहनों तथा विभिन्न वन अपराधों में लिप्त अधिहरित सात वाहनों कुल सोलह वाहनों का सार्वजनिक नीलाम शासनादेश दिनांक 05.08.2022 के अनुसार गठित समिति मे प्रभागीय वनाधिकारी, पीलीभीत टाइगर रिजर्व की अध्यक्षता मे जिलाधिकारी पीलीभीत द्वारा नामित सदस्य सिटी मजिस्ट्रेट पीलीभीत एवं सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी पीलीभीत द्वारा नामित सदस्य वर्डिस चतुर्वेदी यात्रीकर मालकर अधिकारी पीलीभीत की उपस्थिति मे किया गया। जिसमें बड़ी संख्या मे ठेकेदारों ने भाग लिया और प्रति स्पर्धात्मक बोलियां आयी। निर्धारित गोपनीय अनुमान से अधिक बोली आने के कारण पंद्रह लाटों जिनमे स्वराज माजदा, बुलैरो, कैम्पर, जिप्सी, छोटा हाथी लोडर, मोटर साईकिल इत्यादि पंद्रह वाहनों को नीलाम किया गया। उक्त वाहनों का गोपनीय अनुमान रू0 5,14,300/- के विरूद्ध रू0 6,68,000/- की धनराशि प्राप्त हुयी है। एक लॉट जिसमे निर्धारित गोपनीय अनुमान के अनुरूप बोली न आने के कारण नीलाम नही की जा सकी।

# जोगराजपुर ग्राम पंचायत में फैला भू माफियाओ का मकड़जाल, चकबंदी में भी अभिलेखों के साथ हुई छेड़छाड़

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**पीलीभीत।** पीलीभीत/जोगराजपुर ग्राम पंचायत में भू माफियाओं का दबदबा हमेशा रहा है और आज भी है कभी इस ग्राम पंचायत में काफी अधिक जमीन थी जिसको पूर्व प्रधानों ने अपने-अपने चहेतों को बांट दी अंधा बांटे रेवड़ी, अपने-अपने को देई, यह कहावत यहां चरितार्थ हो रही है।

पूर्व प्रधानों ने ग्राम पंचायत की जमीन को, फिटो मे नहीं बीघो मे, भी उस जमीन को प्लाटिंग करके, बेच कर करोड़, की कमाई की जोगराजपुर पुरानी बाजार गाटा संख्या, 122 मे, ही नहीं बेची गई इससे पहले भी ग्राम समाज की वेश कीमती जमीन बेची गई, उस जमीन की कीमत आज करोड़ों में है इसी तरह, का एक मामला, जोगराजपुर गांव में बना तालाब जिसमें आधे गांव का पानी, आता था।

उसको गांव के कुछ दबंग व भू माफियाओ ने कब्जा कर, प्लाटिंग करके बेच, दिया हैं इसकी शिकायत होने के बाद, राजस्व विभाग की टीम, बुलडोजर लेकर गांव पहुंची, तो लोगों को लगा कि शायद, बाबा योगी आदित्यनाथ का, बुलडोजर यहां भी चलेगा, तालाब मे पानी होने के कारण, उसके अंदर बुलडोजर नहीं जा सका।

उसके बाद पता चला कि राजस्व विभाग के अधिकारियों ने सात लोगों पर लगभग एक,एक लाख के नोटिस भेजे रुपए जमा करने, के लिए जमीन खाली करने का, आदेश दिया गया, 4 साल बीत जाने के बाद भी, न तो आज तक, जुमार्ना जमा किया गया, और ना ही कब्जे को हटाया गया,एक और गंभीर मामला, तालाब पर कब्जा करने वालों को, बचाने के लिए चकबंदी अधिकारियों ने, चकबंदी में तालाब का रकवा, ही कम कर दिया गया, यदि पुरानी इंतखाब से जांच हो जाए तो 35 से 40 लोगों के खिलाफ, कार्रवाई हो सकती है आज जोगराजपुर के अधिकांश घरों का पानी, सड़कों पर खुलेआम बह रहा है, क्योंकि जिस तालाब में पानी जाता था।

उस तालाब पर 80%, कब्जा हो चुका है बचे हुए तालाब पर भी, आज भी कब्जा जारी है क्योंकि यहां जमीन की कीमत आसमान छू, रही, है यदि आप इस गांव में, 15 50, फिट का प्लांट लेते हैं, इसकी कीमत 10 से 15 लख रुपए,,होगी, यहां जिस किसी बाहुबली, को सरकारी जमीन पड़ी दिखाई देती है।

वे उस, पर कब्जा करना शुरू कर देते हैं यही कारण है कि अधिकांश, जोगराजपुर ग्राम पंचायत की जमीन पर, कब्जा कर, बेची जा चुकी है यहां की जनता ने, इसका विरोध भी किया, मामला अखबारों मे भी रहा, अधिकारियों ने कब्जे करने वालों के खिलाफ, कार्रवाई का आश्वासन भी दिया, ना तो कार्रवाई हुई, और ना ही जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया, जनता बार-बार एक ही सवाल पूछ रही है, यदि योगी के शासनकाल में भी, सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया

तो फिर कब होगा सरकारी जमीन का उपयोग, सरकारी भवनों व जनहित के लिए होता है, न, की सरकारी जमीन बेचने के लिए अब देखने वाली बात होगी कि, कार्रवाई होगी, या लीपापोती, यह आने वाला समय बताएगा।

# थाना हजारा पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को 11 ग्राम अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल



लुकमान खान

**पीलीभीत (वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 18.मई .2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना हजारा पुलिस द्वारा ररइ टीम के साथ संयुक्त चैकिंग के अभियुक्त वीर वहादुर धामी उम्र 47 वर्ष पुत्र लाल बहादुर निवासी ग्राम गाऊजी वेदकोट नगर पालिका 7 थाना महेन्द्रनगर जिला कंचनपुर (नेपाल राष्ट्र) को पिलर नं0 782/7 से 50 मीटर पहले गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 11.00 ग्राम अवैध स्मैक व एक अदद मोटर साईकिल होण्डा रंग काला रजि० नं0 बा. 60 प 9925 जो कि नेपाली भाषा में लिखे है चैसिस नं0 ME4KC09CMD8632439 बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना हजारा पर,वीर वहादुर धामी व बलवीर उर्फ वीरू के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त वीर वहादुर धामी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यावरण/ वृक्षारोपण समिति/और जिला गंगा समिति की बैठक

राजेंद्र सिंह



**हापुड़ (वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में पर्यावरण/वृक्षारोपण समिति/और जिला गंगा समिति की बैठक अपराह्न 12:30 बजे 'कलेक्ट्रेट सभागार' में कविता मीना,जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में श्रुति शर्मा मुख्य विकास अधिकारी,गौतम सिंह प्रभागीय वनाधिकारी,अनवर शेख जिला विकास अधिकारी,विरेन्द्र कुमार अपर सांख्यिकी अधिकारी, शिव बिहारी शुक्ला जिला पंचायती राज अधिकारी, विपुल कुमार प्रतिनिधि, क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हापुड़, पर्यावरणविद भारत भूषण, लोक भारती तथा जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।जिला वृक्षारोपण समिति के अंतर्गत जिलाधिकारी के द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे वृक्षारोपण वर्ष 2026-27 में कराएं जाने वाले वृक्षारोपण हेतु आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत भूमि चिन्हांकन तथा अग्रिम मृदा कार्य (गड्ढा खुदान) पूर्ण करते हुये उसकी सूचना प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। समिति अध्यक्ष द्वारा समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि जनपद में विशिष्ट वन की स्थापना की जानी है। समिति अध्यक्ष के द्वारा वृक्षारोपण 2026-27 हेतु वृक्षारोपण कार्य-योजना निर्धारित प्रारूप में बना कर शीघ्र प्रेषित करने को निर्देशित किया गया।

जिला पर्यावरण समिति हापुड़ के अंतर्गत सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वे अपने अपने कार्य स्थल में लू एवं हीट प्रकोप से सम्बन्धित सभी सुविधा व्यवस्था स्थापित करें। साथ ही पशु पक्षियों को भी ध्यान में रखते हुए जगह जगह नांद/हौदे बनाकर उनमें पानी भरना सुनिश्चित करें। समिति अध्यक्ष द्वारा समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद स्थित पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु जनपद में प्लास्टिक वेस्ट का मैनेजमेंट,पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अनुरूप करें। कूड़ा कचरा एवं विशेष रूप से बायोमेडिकल वेस्ट को जनपद में इधर-उधर ना डालें।जिला गंगा समिति के अंतर्गत समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसी भी प्रकार के प्रदूषित पानी को हापुड़ में बहने वाली नदियों में बिना ट्रीटमेंट के प्रवाहित न होने दें।

# हापुड़ में स्काउट ऐंड गाइड को पढ़ाया टी0बी0 का पाठ टी0बी0 मुक्त भारत की कराई शपथ





राजेंद्र सिंह

**हापुड़ (वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में प्रधानमंत्री के टी0बी0 मुक्त भारत करने के सपने को साकार करने हेतु जिलाधिकारी कविता मीणा के निदेर्शानुसार एवम् मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ वेद प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में जनपद में सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज हापुड़ प्रांगण में राज्य पुरस्कार पंजीकरण आवेदन शिविर के आयोजन के अवसर पर जिला जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह एवम् उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार शर्मा के द्वारा बालक/ बालिकाओं को क्षय रोग के लक्षण उपचार निदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई डॉ राजेश सिंह ने बताया कि टी0बी0 की पहचान उसके लक्षणों के द्वारा आसानी से हो सकती हैं।

यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक से खांसी,खांसी के साथ बलगम आना,बलगम में खून आना,भूख कम लगना,वजन कम होना,रात में पसीना आना, आदि लक्षण दिखाई दे तो उसको तुरन्त अपने नजदीकी अस्पताल में जाकर अपनी जाँच करानी चाहिए एवम्-यदि बीमारी आती है।

तो चिकित्सक की सलाहनुसार उपचार लेना चाहिए इस कार्यक्रम में श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज हापुड़ आर्य,कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज हापुड़,चौधरी ताराचंद जनता इंटर कॉलेज हापुड़,श्री शांति स्वरूप कृषि इंटर कॉलेज हापुर मारवाड़ इंटर कॉलेज पिलखुआ श्री चंडी विद्यालय इंटर कॉलेज पिलखुआ हिंदू कन्या इंटर कॉलेज पिलखुवा श्रीमती ब्रह्मा देवी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज हापुर आरएसके इंटर कॉलेज सिंभावली रेनबो पब्लिक स्कूल देहरा कुटी आदि विद्यालयों के स्काउट गाइड ने प्रति भाग किया शिविर में राज्य पुरस्कार आवेदन से संबंधित सभी जानकारियां स्काउट गाइड को जिला संगठन आयुक्त प्रकाश शर्मा ने प्रदान की उन्होंने बताया कि शिविर में लगभग 100 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे इस अवसर पर जिला चिकित्सालय टी0बी 0के जिला पी0पी0एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने स्काउट गाइड को टी0बी0 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की उन्होंने सभी स्काउट गाइड को बताया कि अपने आस पड़ोस में यदि किसी व्यक्ति को खांसी वजन कम होना बुखार होना आदि लक्षण दिखाई देते हैं।

तो उनको राजकीय चिकित्सालय जांच के लिए जरूर भेजें ताकि समय पर उनका इलाज किया जा सके यह इलाज पूर्णतया निशुल्क है।

साथ ही मरीज को पोषण पोटली के लिए कुछ नगद धनराशि भी उसके बैंक खाते में प्रेषित की जाती है ताकि वह स्वस्थ रह सके इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य पारुल त्यागी जिला सचिव कृष्ण द्विवेदी प्रीतम सिंह विजय कुमार डॉ स्नेहा प्रिया नीति शर्मा भावना शर्मा अतुल शर्मा कृष्णा रेखा रानी राजकुमारी गुप्ता मोनिका जिंदल सुनीता रानी आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम मे जिला प्रशिक्षण सलाहकार प्रशांत कुमार एवं नवनीत का विशेष सहयोग रहा।

# भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए जिलाधिकारी की जनता से विशेष अपील

राजेंद्र सिंह

**हापुड़ (वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में को दर्ज किया गया। 44 डिग्री सेल्सियस का तापमान केवल एक आँकड़ा नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन और स्वास्थ्य के लिए गंभीर चेतावनी है। इतनी भीषण गर्मी और लू की संभावना आने वाले दिनों में भी बनी रहेगी। इस परिस्थिति में हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह स्वयं, अपने परिवार और अपने आस-पड़ोस के लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियाँ बरते। तेज धूप और लू से बचाव के लिए सबसे पहला कदम है कि हम दिन के समय, विशेषकर दोपहर में, अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। यदि बाहर जाना ही पड़े तो सिर को ढककर ही जाएँ। इसके लिए, गमछा, टोपी या छाता का प्रयोग करें। यह केवल एक साधारण उपाय नहीं है, बल्कि जीवन रक्षक ढाल है। सिर पर कपड़ा या टोपी रखने से धूप का सीधा असर कम होता है और शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है।

ऊष्ण लहर से भीषण उष्ण लहर (लू) चलने की चेतावनी जारी की गई है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) सभी नागरिकों एवं श्रमिकों से अपील करता है कि निम्नलिखित सावधानियाँ अवश्य बरतें। श्रमिकों एवं नागरिकों हेतु सलाह कार्य के बीच-बीच में छाया में विश्राम दें।कार्य करने का समय बदलें दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बाहरी कार्य से बचें।कार्यस्थल पर ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें।



कार्यस्थल पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखें। दोपहर में शरीर पर धूप का असर सबसे अधिक होता है इस समय काम छाया में करें।श्रमिकों के बच्चों के लिए छायादार स्थान की व्यवस्था करें।श्रमिकों को तापघात से बचाव के तरीके समझाएं।बार-बार पानी एवं वै का घोल पिलाते रहें।पशु मालिक हेतुपशुओं को दिन में कम से कम 3.4 बार ताजा व ठंडा पानी पिलाएं। पशुओं को दोपहर में छायादार स्थान पर रखें खुले में न बाँधें। हरे चारे एवं पानी से भरपूर आहार दें। दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच पशुओं से खेत में काम न कराएं।पशु आश्रय स्थलों में पर्याप्त वेंटिलेशन व पानी की व्यवस्था रखें। पक्षियों के लिए छत पर या पेड़ के नीचे पानी के बर्तन रखें।

आपातकालीन संपर्क पुलिस 100 / 112,एम्बुलेंस 108,राहत आपदा कंट्रोल रूम 1070,जिला आपदा कंट्रोल रूम 1077। जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा है कि गर्मी केवल इंसानों के लिए ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी चुनौती है। अपने घरों और आस-पास के क्षेत्रों में पानी की व्यवस्था करें। खुले स्थानों पर पानी के बर्तन रखें ताकि गाय, कुत्ते जैसे पशु और सभी प्रकार के पक्षी भी राहत पा सकें।

अपनी छत पर भी पानी के बर्तन रखें ताकि कबूतर, गौरैया,तोता और अन्य पक्षी आसानी से पानी पी सकें। यह न केवल मानवीय दृष्टिकोण से आवश्यक है बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। जिलाधिकारी ने सभी शैक्षणिक संस्थानों,औद्योगिक इकाइयों और कार्यालयों को निर्देशित किया है कि वे अपने कर्मचारियों और विद्यार्थियों को गर्मी से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करें। नगर निकायों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करें और छायादार स्थानों पर विश्राम स्थल उपलब्ध कराएँ।नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। सामूहिक सहयोग और जागरूकता ही हमें इस कठिन मौसम में सुरक्षित रख सकती है। जब हर व्यक्ति अपने स्तर पर सावधानी बरतेगा,तभी समाज सुरक्षित रह पाएगा। इस अपील को और प्रभावी बनाने के लिए कुछ नारेनुमा पंक्तियाँ भी याद रखें।गर्मी से बचना है जरूरी, सिर पर टोपी और गमछा है मजबूरी पानी पिएँ, छाँव में रहें लू से बचें, सुरक्षित रहेंबच्चे, बुजुर्ग और बीमार सबका रखें खास खयाल पशु-पक्षियों को भी दें राहत यही है सच्ची इंसानियत भी है।

# स्वर्ण समाज के लोगों के साथ एक बैठक आयोजित की



राजेंद्र सिंह

**हापुड़ (वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में प्रधानमंत्री की अपील के क्रम में सुनार समाज के लोगों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज और व्यापार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।वार्ता के दौरान सुनार समाज के लोगों ने व्यापार से संबंधित अपनी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के सामने रखे। बैठक में सरकार की योजनाओं और उनसे मिलने वाले लाभों पर भी चर्चा की गई।बताया गया कि इस बैठक का उद्देश्य प्रधानमंत्री के संदेश और सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# सहारनपुर के पहलवान भदोही में दिखाएंगे दम, 15 सदस्यीय टीम घोषित

**राजीव मोंगरा**



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के तत्वावधान में आगामी 31 मई से 2 जून तक भदोही जिले में 23 वर्ष से कम आयु वर्ग की उत्तर प्रदेश राज्य कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त राज्य प्रतियोगिता मे भाग लेने हेतू डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम के कुश्ती हाल में सहारनपुर जिला कुश्ती संघ के निर्देशन मे सहारनपुर जिले की टीम का चयन जिला स्तरीय चयन ट्रायल में किया गया।

जिला कुश्ती संघ सहारनपुर के सचिव प्रोफेसर (डॉ.) संदीप गुप्ता ने बताया कि चयन ट्रायल से पूर्व चयन मे भाग लेने वाले खिलाड़ियों से जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। 15 सदस्यीय चयनित खिलाड़ियों की घोषणा उनके भार वर्ग और स्टाइल के साथ वरिष्ठ समाज सेवी अभिषेक तोमर के द्वारा की गई।

उन्होने बताया की फ्री स्टाइल बालक वर्ग में 57 किलोग्राम में अभिषेक कुमार पुत्र शीशपाल, 61 किलोग्राम मे नितिन कुमार, 65 किलोग्राम में रितिक जयनागल, 70 किलोग्राम में अभिषेक पुत्र राजू, 74 किलोग्राम में वंश लांबा, 79 किलोग्राम में मोहम्मद आयान, 86 किलोग्राम में गुरप्रीत, 92 किलोग्राम में सन्नी कुमार, 97 किलोग्राम में यशविंदर सिंह का चयन किया गया जबकि ग्रीकोरोमन स्टाइल बालक वर्ग में 60 किलोग्राम में शिवा, 67 किलोग्राम में रितिक जयनागल, 72 किलोग्राम में अभिषेक, 77 किलोग्राम में क्षितिज, 82 किलोग्राम में विराज कुमार, 130 किलोग्राम में मो. नोमान का चयन किया गया।

टीम का चयन सहारनपुर जिला कुश्ती प्रशिक्षक आदेश कुमार, संघ उपाध्यक्ष संदीप पहलवान व अभिषेक तोमर के द्वारा किया गया।

चयनित खिलाड़ियों को जिला ओलम्पिक संघ सहारनपुर के अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री संजय गर्ग, संघ अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, सचिव डॉ. संदीप गुप्ता, मशकूर अहमद, गौतम सिंह, मनोज प्रजापति, सुधीर चौधरी, पंकज गर्ग, अनिल भाटी, मुस्तकीम अंसारी, लाल धर्मेंद्र प्रताप, सोनवीर सिंह, अजय कुमार, हैदर चौधरी, डॉ. मनोज कुमार सिंधी, नूरीन जहां, शौर्य गुप्ता, आदि ने शुभकामनाएं दी।

# उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन, सीएम ने शोक प्रकट किया

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवानिवृत्त) के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खंडूड़ी जी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन एवं समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सार्वजनिक जीवन में भी उन्होंने उत्तराखण्ड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। उन्होंने प्रदेशहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेकर विकास को नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि खंडूड़ी जी की सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगी। उनका निधन उत्तराखण्ड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा शोक संतप्त परिजनों एवं समर्थकों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## राष्ट्रपति ने जताया शोक

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) बीसी खंडूड़ी जी के निधन पर शोक प्रकट किया है। अपने शोक संदेश में राष्ट्रपति ने कहा है कि खंडूड़ी जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है।

भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवा देने के बाद उन्होंने जन सेवा के लिए ईमानदारी, सादगी, पारदर्शिता और विकास की राजनीति का उदाहरण प्रस्तुत किया। देश तथा उत्तराखण्ड के विकास, सुशासन और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव स्मरणीय रहेगी। उन्होंने खंडूड़ी जी के शोकसंतप्त परिवारजनों और शुभचिंतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

# सरकारी जमीन विवाद पहुंचा हाईकोर्ट, सुरक्षा की लगाई गुहार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कथित अवैध कब्जे का मामला अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने के दावों के बीच यह मामला प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। आरोप है कि सनसिटी हाईटेक प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया है। जानकारी के अनुसार, 22 जनवरी को मथुरा-वृंदावन नगर निगम द्वारा जारी एक पत्र में सरकारी भूमि पर कब्जे की बात स्वीकार की गई थी। इसके बावजूद करीब चार माह बीत जाने के बाद भी कब्जा हटाने अथवा किसी बड़ी कार्रवाई को लेकर कोई ठोस कदम सामने नहीं आया।

मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब समाजसेवी दीपक शर्मा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर दी। याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी, कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर, नगर आयुक्त, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारियों और संबंधित पक्षों को प्रतिवादी बनाया गया है।

आरोप है कि जब मीडिया कर्मियों ने नगर आयुक्त से इस मामले पर सवाल पूछने का प्रयास किया तो उन्होंने स्पष्ट जवाब देने के बजाय पत्रकारों के नगर निगम परिसर में आने पर ही सवाल खड़े कर दिए। इससे प्रशासन की भूमिका को लेकर भी चचाएं तेज हो गई हैं।

समाजसेवी दीपक शर्मा ने वीडियो बयान जारी कर कहा कि 'सरकारी संपत्ति किसी की निजी जागीर नहीं है कि कोई भी उस पर कब्जा कर ले।' उन्होंने आरोप लगाया कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं पीड़ित पक्ष ने जान-माल का खतरा बताते हुए प्रशासन और न्यायालय से सुरक्षा की मांग की है। दीपक शर्मा का कहना है कि यदि भविष्य में उनके साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो जनहित याचिका में शामिल संबंधित लोग उसकी जिम्मेदारी होंगे।

# कॉग्रेस के कार्यकताओं ने महंगाई को लेकर जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** मथुरा कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर की अध्यक्षता में मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर महंगाई को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के बारे में जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर में बताया कि इस वक्त महंगाई की मार से आम जनमानस परेशान है उन्होंने कहा कि जिस तरीके से आए दिन पेट्रोल डीजल तथा घरेलू गैस में वृद्धि हो रही है यह आम जनमानस की कमर को तोड़ रही है।

उन्होंने कहा कि जब बीजेपी सरकार सत्ता में नहीं थी तब इनको महंगाई डायन लगती थी लेकिन अब लगता है कि महंगाई से इनको प्रेम हो गया है। अब बीजेपी के लोगों को महंगाई नहीं दिख रही है, इसके लिए कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि अगर भाजपा सरकार महंगाई को कम नहीं करेगी तो कांग्रेस इसका उग्र आंदोलन करेगी जिसकी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी।

# छात्रा प्रकरण को लेकर अभाविप का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गोविंद नगर थाना क्षेत्र स्थित बालाजी मेमोरियल स्कूल में नाबालिग छात्रा के साथ कथित अभद्र व्यवहार और कार्यकताओं पर लगाए गए रंगदारी के आरोपों के विरोध में सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। अभाविप नेताओं का आरोप है कि छात्रा के बीमार होने पर स्कूल प्रशासन ने उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया तथा परिजनों का भी अपमान किया गया। संगठन ने यह भी कहा कि कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए कार्यकताओं पर 2.50 लाख की रंगदारी मांगने का झूठा आरोप लगाया जा रहा है। संगठन ने स्कूल की मान्यता रद्द करने, फायर सेफ्टी व बिल्डिंग फिटनेस की जांच कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि 7 दिन में कार्रवाई न होने पर जनपदभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान प्रदर्शन में विभाग संगठन मंत्री दिव्यांशु पचौरी, विभाग सह संयोजक अमन शर्मा, महानगर सह मंत्री कान्हा चतुवेर्दी, अमन पांडेय, जिला सह संयोजक योगेंद्र चौधरी, प्रांत सह छात्रा प्रमुख निशा निषाद, प्रांत कार्यकारणी सदस्य उमंग अग्रवाल, साधना प्रजापति, अनमोल दुबे, विनीता शर्मा, प्रीति पटेल, हर्ष सक्सेना, इंद्र सैनी, महेश, विवेक, हरे कृष्ण कौशिक, शशांक गौर, दीपक शर्मा, शेखर, सुमित लालवानी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शुजागंज में बड़े मंगल पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हनुमान भक्ति में डूबा पूरा बाजार



**फतेह खान**

**रूदौली/अयोध्या(वेलकम इंडिया)।** ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल पर रूदौली क्षेत्र का शुजागंज बाजार पूरी तरह बजरंगबली की भक्ति में रंगा नजर आया। सुबह से ही क्षेत्र के हनुमान मंदिर पर व श्री बजरंगबली की फोटो पर भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।दिनभर 'जय श्रीराम' और 'जय बजरंगबली' के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद प्रभु इच्छा तक चलता रहा दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी रहा।इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में डॉ. योगेंद्र, विनायक, मुरारी समेत कई श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। पूरे बाजार में भक्तिमय माहौल देखने को मिला।

# भावभीनी श्रद्धांजलि अनुशासन, ईमानदार छवि और सख्त फैसलों से अलग पहचान बनाने वाले खंडूड़ी जी को अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

## पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी जी को समर्पित की महिला गंगा आरती

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**ऋषिकेश।** ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के तत्वाधान में गंग सबलाओं द्वारा की जा रही विश्व की प्रथम महिला गंगा आरती में पूणानंद घाट जानकी सेतू गंगा तट पर महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। सेना से लेकर राजनीति तक, उन्होंने अपने अनुशासन, ईमानदार छवि और सख्त फैसलों से अलग पहचान बनाई। मेजर जनरल खंडूड़ी भारतीय सेना में सेवाएं देने के बाद राजनीति में आए और अपनी साफ-सुथरी छवि, ईमानदार प्रशासन और सुशासन के लिए पहचाने जाते थे। राजनीति क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया साथ ही उनकी परोपकारी भावना से लाखों लोगों के दिलों में जगह बनाई।

ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा कि भुवन चंद्र खंडूड़ी को ऐसे नेता के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने सेना की अनुशासन वाली सोच को राजनीति में भी अपनाया। उन्होंने हमेशा साफ प्रशासन, जवाबदेही और विकास की राजनीति को प्राथमिकता दी। उत्तराखंड की राजनीति में उनका नाम एक ईमानदार और सख्त प्रशासक के तौर पर लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा खंडूड़ी उन नेताओं में गिने जाते थे जिन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम माना। सड़क, पारदर्शिता और पहाड़ी इलाकों के विकास को लेकर उनका काम आज भी याद किया जाता है।

सांयकालीन गंगा आरती में दो मिनट का मौन रखा गया और मां गंगा से दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

महिला गंगा आरती में मुख्य रूप से मुख्य रूप से गंगा आरती में आचार्य सोनिया राज, अंजना उनियाल, पुष्पा शर्मा, पूनम रावत, बंदना नेगी, गायत्री देवी, प्रमिला, आदि ने गंगा आरती की।

# पिलखुवा कोतवाली पहुँचे भाकियू एकता शक्ति पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष के पुत्र पर हुए हमले में कड़ी कार्रवाई की मांग

**राजेंद्र सिंह**



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एडवोकेट अक्षित शर्मा एवं जिला अध्यक्ष हापुड़ मुलेश शर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी पिलखुवा कोतवाली पहुँचे और जिला अध्यक्ष के सुपुत्र पर हुए हमले को लेकर प्रशासन के समक्ष गंभीर आपत्ति दर्ज कराई।संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं तथा दोषियों के खिलाफ सख्त एवं निष्पक्ष कार्रवाई होना आवश्यक है। भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति ने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाया जाए और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि संगठन किसानों एवं अपने कार्यकताओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए सदैव संघर्ष करता रहेगा और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता रहेगा।इस दौरान राष्ट्रीय सचिव नीरज शर्मा, युवा राष्ट्रीय महासचिव पंडित नितिन शर्मा, दादरी ब्लॉक अध्यक्ष लाटूर नागर, हर्ष प्रजापति, मोहित चौधरी, ललित शर्मा, पंकज शर्मा, सागर गौतम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला पंचायत कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला पंचायत सदस्यों ने उठाई आवाज, जांच की मांग



**राजेंद्र सिंह**

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जिला पंचायत कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर जिला पंचायत सदस्यों ने अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत हापुड़ को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है। ज्ञापन में कई गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई है।जिला पंचायत सदस्यपति सुरेश तोमर और जिला पंचायत सदस्य सुमित शिशोदिया द्वारा दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि जिला पंचायत में तैनात जे सोमलता व्यास की कुछ भू-माफियाओं से सांठगांठ के कारण कार्यालय में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। सदस्यों ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक संबंधित अधिकारी को पदमुक्त किया जाए, ताकि जांच प्रभावित न हो।ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि जिला पंचायत कार्यालय में दलालों का प्रवेश पूरी तरह बंद किया जाए और जिन व्यक्तियों का कोई आधिकारिक पद नहीं है, उनकी कार्यालय में बैठकों पर रोक लगाई जाए।सदस्यों ने विकास कार्यों में सभी वार्डों के साथ समान व्यवहार करने की मांग करते हुए कहा कि किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। इसके अलावा अवैध कॉलोनियों के मालिकों से कथित सांठगांठ कर की जा रही उगाही पर रोक लगाने और अवैध कॉलोनियों को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई करने की मांग भी उठाई गई।ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ भूखंडों के मानचित्र अवैध तरीके से पास किए गए हैं, जिन्हें तत्काल निरस्त किया जाए। साथ ही नक्शों के पास कराने के नाम पर फैक्ट्री मालिकों से अवैध धन वसूली बंद कर समय पर बिना किसी दबाव के नक्शे पास करने की मांग की गई। जिला पंचायत सदस्यों ने प्रशासन से पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया पदार्फाश, 2 शातिर गिरफ्तार



**राजेंद्र सिंह**

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराध एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दिल्ली से चोरी की गई 02 ईको कार तथा 02 अवैध चाकू बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार चेकिंग अभियान के दौरान ग्राम दौलतनगर के पास संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि बरामद दोनों ईको कार दिल्ली क्षेत्र से चोरी की गई थीं।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मनोज पुत्र महावीर निवासी थाना संगम विहार, दिल्ली तथा लक्ष्मीनारायण पुत्र राजेंद्र निवासी अशोक विहार, दिल्ली के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके खिलाफ दिल्ली एवं हापुड़ जनपद में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बरामदगी02 चोरी की गई ईको कार02 अवैध चाकू पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गृहकर बिल व बिजली ठीक कराने की आयी समस्याएं

## जनसुनवाई में आयी छह समस्याओं में से एक का किया गया निस्तारण



**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम संभव पोर्टल जनसुनवाई में आज लाइट ठीक कराने, टैक्स का बिल ठीक कराने सहित आधा दर्जन समस्याएं अधिकारियों के पास पहुंची।

इन समस्याओं में से एक समस्या का समाधान करा दिया गया, बाकि समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। वार्ड संख्या 43 चौकी शहादत निवासी रवि छाबड़ा ने अपने निवास के निकट बिजली की लाइट व चेंज ओवर ठीक कराने, वार्ड 48 आवास विकास निवासी के एल बब्बर ने कॉलोनी में खराब पड़ी लाइटों को ठीक कराने तथा कॉलोनी में सफाई कराने, वार्ड 28 जनक नगर निवासी अशरफ इकबाल ने गृहकर -जलकर का बिल ठीक कराने, वार्ड 04 हसनपुर दिल्ली रोड निवासी नंद किशोर ने भी जांच कराकर गृहकर बिल ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा किशनपुरा निवासी नंदकिशोर ने क्षेत्र से आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त द्वारा निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के लिए कहा। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली कर्मचारियों के उत्पीड़न के विरोध में जन जागरण अभियान जारी

## ऊर्जा निगमों में औद्योगिक शान्ति बनाए रखने हेतु समझौतों का पालन सुनिश्चित किया जाय

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि ऊर्जा निगमों में औद्योगिक शांति, पारस्परिक सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु यह आवश्यक है कि श्रमिकों एवं कर्मचारियों के साथ हुए समझौतों का पालन सुनिश्चित किया जाय तथा कर्मचारियों के सम्मान और अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी नारायण चंद्र चौरसिया ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निदेशों के अनुसार समस्याओं का समाधान संवाद और सहभागिता के माध्यम से निकाला जाए तथा कार्यस्थलों पर सुरक्षा, स्थिरता और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। विकास नीतियों में श्रमिक एवं कर्मचारी हितों का संतुलित समावेश करते हुए सभी पक्षों के बीच लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप पारस्परिक सम्मान बनाए रखना समय की आवश्यकता है।




इन्हीं सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए संघर्ष समिति ने मांग की है कि श्रम संगठनों के साथ हुए समझौतों का समय से पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि ऊर्जा निगमों में सौहार्दपूर्ण वातावरण और औद्योगिक शांति कायम रह सके।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी आशीष कुमार ने विशेष रूप से कहा है कि माननीय ऊर्जा मंत्री की उपस्थिति में 3 दिसंबर 2022 तथा 19 मार्च 2023 को हुए समझौतों का पूर्ण पालन कराया जाए और बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं की लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए तथा बिजली कर्मियों पर मार्च 2023 के आंदोलन के फलस्वरूप की गई समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस ली जाय।

साथ ही संघर्ष समिति ने मांग की है कि बिजली कर्मचारियों और ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों पर की जा रही उत्पीड़नात्मक एवं दमनात्मक कार्यवाहियां तत्काल बंद की जाएं। कर्मचारियों के विरुद्ध की गई अनुचित अनुशासनात्मक कार्रवाइयों को वापस लेकर विश्वास और संवाद का वातावरण बनाया जाए, जिससे कर्मचारी निर्भीक होकर प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में अपना योगदान दे सकें।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी मनोज यादव ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र जैसे संवेदनशील एवं जनहित से जुड़े विभाग में टकराव नहीं बल्कि संवाद, सहयोग और सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना ही प्रदेश और उपभोक्ताओं के हित में होगा।

उत्पीड़न के विरोध में चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के अंतर्गत आज देवरिया एवं आजमगढ़ में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की विरोध सभाएं आयोजित की गईं। सभाओं को संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय, चंद्रभूषण उपाध्याय एवं मोहम्मद वसीम ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद कर संवाद और समझौते के रास्ते पर आगे बढ़ना ही प्रदेशहित में है।

इस क्रम में आज संत कबीर नगर में विरोध प्रदर्शन में दिलीप सिंह, अमरनाथ यादव,दुर्गा प्रसाद ,नारायण चंद्र चौरसिया, सुनील प्रजापति, सूरज प्रजापति, आशीष कुमार, मनोज यादव, धीरेन्द्र यादव, श्रवण प्रजापति, रमेश प्रजापति, प्रिंस गुप्ता समेत अन्य विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

# डीएम द्वारा निर्माणाधीन वृद्धाश्रम का किया गया स्थलीय निरीक्षण, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा खलीलाबाद विकासखंड अंतर्गत ग्राम चकदही में निर्माणधीन वृद्धा आश्रम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा वृद्धाश्रम भवन निर्माण की गुणवत्ता, कमरों के साइज, रसोई घर, शौचालय, स्टोर रुम आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि निर्धारित समयावधि में वृद्ध आश्रम भवन की गुणवत्ता सहित निर्माण कर रंगाई, पुताई एवं साफ -सफाई के साथ संबंधित विभाग को हैंडवोवर कर दिया जाए। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, ओएसडी राकेश कुमार सहित कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# संतकबीरनगर पुलिस ने झपटमारी के मामले से सम्बन्धित 01अभियुक्त व 04 अभियुक्ताओं को किया गया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जय प्रकाश दुबे के नेतृत्व में उ0नि0 उमाशंकर त्रिपाठी, उ0नि0 धर्मनाथ यादव, का0 बलिराम यादव, का0 मुकेश यादव, का0 दुर्गेश कुमार वर्मा, का0 आशुतोष सिंह, म0का0 गुंजन पाण्डेय, म0का0 पुजा देवी ने मु0अ0सं0 406/2026 धारा 304(2) बीएनएस थाना कोतवाली खलीलाबाद सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त राजेश यादव पुत्र रामानंद निवासी बाछापार थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर व 04 अभियुक्ता अनिता पत्नी राकेश निवासी लक्ष्मीपुर थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर, मुस्कान उर्फ आचल पत्नी मेजर निवासी लक्ष्मीपुर थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर, आरती पत्नी राजकुमार निवासी कोहरा थाना गोला जनपद गोरखपुर, नेहा पत्नी विकाश निवासी लखनापार थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर को एक अदद पीली धातु की चैन व घटना में प्रयुक्त 01 अदद स्विफ्ट डिजायर गाड़ी के साथ सूतीमिल मगहर के दक्षिणी तिराहा के पास मोहम्मदपुर कठार से मंगलवार को गिरफ्तार किया गया।

दिनाँक 19.05.2026 को वादी श्री सचिदान्द त्रिपाठी पुत्र स्व0 परमात्मा प्रसाद त्रिपाठी निवासी भुजैनी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना खलीलाबाद पर तहरीर दिया गया कि दिनाँक 15.05.2026 को समय करीब 8.30 बजे प्रातः उनकी पत्नी श्रीमती रिता त्रिपाठी महादेवा बाजार बस्ती रिश्तेदारी में जा रही थी कि कांटे पुलिस चौकी के आगे बूँधा प्राइमरी स्कूल के निकट और पुल से पहले ऑटो रिक्शा में पहले से बैठी 03 महिलाए उनके शरीर पर गिरने लगी और उनको पकड़ने लगी और इसी बीच गले की चैन छीनकर ई-रिक्शा से उतर गयी उसके बाद एक सफेद रंग की गाड़ी वाहन संख्या वढ 53 ऋअ 7810 आयी उसमें बैठ कर निकल गई। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 406/2026 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। हमलोग का एक गिरोह है, हम लोग ई रिक्शा, टैम्पू तथा भीड़भाड़ वाली जगहो पर जाकर के महिलाओं की गले में पहने हुए चैन को देखसुन कर के खींच लेते हैं। हम लोग के आने जाने के लिए गाडी का व्यवस्था राजेश यादव करता हैं। दिनांक 15.05.2026 को सुबह के समय राजेश यादव ने स्विफ्ट डिजायर गाडी यूपी 53 एफए7810 से ड्राइवर को लेकर के कांटे चौराहे पर सुबह के समय लेकर के गये। खलीलाबाद की तरफ से एक ई रिक्शा गाडी में एक महिला बैठकर कांटे चौराहे की तरफ आ रही थी तभी अनिता, आरती, मुस्कान उर्फ आंचल ई रिक्शा में बैठ गयी। राजेश ने नेहा को कार में बैठा कर कुछ आगे चले गये। कुछ आगे जाने पर पुलिया के पहले तीनों लोग मिलकर के ई रिक्शा में बैठी महिला के गले की चैन को खींच लिए और ई रिक्शा को रोकवाकर तीनो लोग उतर गये। उसके बाद राजेश, नेहा के साथ आ गये और तीनों लोग जल्दी से कार में बैठ कर खलीलाबाद की तरफ निकल गये।

# मृत घोषित कर काटी वृद्धा की पेंशन, डीएम से लगाई बहाली की गुहार

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** विकासखंड क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक वृद्ध महिला ने सरकारी अभिलेखों में खुद को मृत दर्शाकर वृद्धावस्था पेंशन बंद किए जाने का आरोप लगाया है। महिला ने जिलाधिकारी शामली को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच कराते हुए पेंशन दोबारा शुरू कराने की मांग की है। मंगलवार को विकासखंड क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी महिला उमर निशा पत्नी इलियास ने बताया कि उसने बुढ़ापे में गुजर-बसर के लिए वृद्धावस्था पेंशन बनवाई थी। पेंशन की धनराशि कस्बे स्थित इंडियन बैंक के खाते में आती थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों से पेंशन आनी बंद हो गई।आरोप है कि गांव की राजनीति के चलते उसकी पेंशन रुकवाई गई है। पेंशन बंद होने की जानकारी लेने के लिए जब वह संबंधित अधिकारियों के कार्यालय पहुंची तो उसे पता चला कि सरकारी दस्तावेजों में उसे मृत दशार्या गया है, जिसके चलते उसकी पेंशन बंद कर दी गई। यह जानकारी मिलने पर



महिला हैरान रह गई।पीड़िता ने जिलाधिकारी शामली को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, अभिलेखों में सुधार कराते हुए वृद्धावस्था पेंशन दोबारा शुरू कराने की मांग की है।ग्राम प्रधान उमर नवाज ने बताया कि मामले की उन्हें जानकारी नहीं है। पेंशन चालू या बंद करने की प्रक्रिया विकासखंड स्तर के अधिकारियों के अधीन होती है।यदि महिला के साथ ऐसी समस्या हुई है तो संबंधित अधिकारियों से बात कर पेंशन दोबारा शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा।

# डिजीकॉडर्स टेक्नोलॉजीज ने गोरखपुर में खोली नई शाखा

## अब युवाओं को मिलेगा आईटी और डिजिटल स्किल्स का बेहतर अवसर

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** वेबसाइट डेवलपमेंट, मोबाइल ऐप डेवलपमेंट, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और आईटी ट्रेनिंग के क्षेत्र में कार्यरत डिजिकोडर्स टेक्नॉलजी प्राइवेट लिमिटेड ने अब गोरखपुर के गीडा में भी अपनी नई शाखा की शुरूआत कर दी है।यह नई शाखा बुद्धा इन्नोवेशन कौंसिल के सहयोग से शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य गोरखपुर,संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, देवरिया,महराजगंज आदि जिलों के अलावा आसपास के युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। नई शाखा का उद्घाटन मंगलवार को गीडा में डीजीकोडर्स व बुद्धा इन्नोवेशन कौंसिल की टीम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान सभी अतिथियों ने युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने और डिजिटल इंडिया के विजन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।डिजिकोडर्स कम्पनी पिछले कई वर्षों से लखनऊ में सफलतापूर्वक कार्य कर रही है और वेबसाइट डेवलपमेंट, मोबाइल ऐप डेवलपमेंट, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डिजिटल



मार्केटिंग तथा इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग जैसी सेवाएं प्रदान कर रही है। कंपनी ने अब तक हजारों छात्रों को तकनीकी प्रशिक्षण देकर उनके करियर को नई दिशा दी है।कंपनी के कई छात्र आज देश-विदेश की बड़ी कंपनियों में कार्यरत हैं। कंपनी के संस्थापक हिमांशु कश्यप और गोपाल सिंह ने बताया कि गोरखपुर शाखा में भी छात्रों और युवाओं को वही सुविधाएं और सेवाएं प्रदान की जाएंगी जो लखनऊ शाखा में दी जा रही हैं।यहां छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे इंडस्ट्री के अनुसार खुद को तैयार कर सकें।कंपनी की मुख्य शाखा लखनऊ में है और एक शाखा पहले ही कानपुर में 2 वर्ष से सफलता पूर्वक चल रही है जहां कई सौ बच्चों को पप्रशिक्षक और रोजगार मिल चुका है ।उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में वेबसाइट और मोबाइल ऐप डेवलपमेंट की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में गोरखपुर के युवाओं को अपने शहर में ही गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण और कैरियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना कंपनी का मुख्य उद्देश्य है। बुद्धा इन्नोवेशन कौंसिल की टीम ने भी इस सहयोग को क्षेत्र के युवाओं के लिए एक सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से गोरखपुर में स्टार्टअप, तकनीकी शिक्षा और रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे।डिजिकोडर्स की गोरखपुर शाखा में वेबसाइट डेवलपमेंट, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, मोबाइल ऐप डेवलपमेंट, डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग तथा प्रोफेशनल आईटी ट्रेनिंग से संबंधित सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही छात्रों के लिए इंटर्नशिप और लाइव प्रोजेक्ट ट्रेनिंग की सुविधा भी दी जाएगी।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का भाटखेड़ी में स्वागत

राजीव मोंगरा

**नागल(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी पूर्व सांसद सत्यपाल सैनी का गांव भाटखेड़ी में पहुंचने पर मानसिंह सैनी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। भाटखेड़ी स्थित सैनी नर्सरी पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा प्रदेशों उपाध्यक्ष व एमएलसी सत्यपाल सैनी ने कहा कि महाराज भगीरथ जी कठोर तप और तपस्या के बल पर गंगाजी को प्रसन्न कर स्वर्ग पर लाये थे जिनकी जयंती में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है उन्होंने कहा कि उनके संगठन के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए लगातार सेवाभाव कर पार्टी को मजबूती देते है क्योंकि सेवा ही संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज गंगा एक्सप्रेस वे जैसे रिकॉर्डतोड़ विकास कार्य तथा भयमुक्त माहौल के बल पर योगी आदित्यनाथ की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए आगामी चुनाव में जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है प्रदेश सरकर में हर वर्ग को सशक्त बनाकर दहशत के माहौल को समाप्त किया गया है। उन्होंने युवाओ के हित ने चलाई जा रही योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि भारत युवाओ का देश है। नीट पेपर लीक के सवाल बोलते हुए उन्होंने कहा कि आरोपियों को किसी भी हालात में बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने भविष्य में मानसिंह सैनी को जिम्मेदारी दिये जाने की बात कही।

# सुल्तानपुर में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 48 यूनिट रक्तदान

राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा आज कस्बा सुल्तानपुर, चिलकाना में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना रहा।

रक्तदान शिविर का संयोजन सोशल मीडिया और मीडिया विंग के अध्यक्ष नवनीत सैनी द्वारा किया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप 48 यूनिट रक्तदान किया गया।

वहीं 20 से अधिक इच्छुक



रक्तदाता स्वास्थ्य मानकों के अनुसार रक्तदान नहीं कर सके, जिन्हें भविष्य में रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया।



शिविर का आयोजन पूर्णतः स्वैच्छिक एवं अनुशासित वातावरण में किया गया, जहाँ सभी चिकित्सीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया गया।

नवनीत सैनी ने बताया कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट लगातार समाज में रक्तदान जागरूकता अभियान चला रहा है। संस्था का उद्देश्य हर व्यक्ति को स्वैच्छिक रक्तदान से जोड़ना है, ताकि किसी भी मरीज को रक्त के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े।

अध्यक्ष पंकज पाँचाल ने कहा कि रक्तदान एक सुरक्षित एवं मानवीय सेवा है। कुछ मिनट का रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति और उसके परिवार के लिए नई उम्मीद बन सकता है। रक्तदान शिविर में शुभम सैनी, अजय सैनी, अनमोल जैन, मोनू सैनी, मोहम्मद अहसान, विनीत कुमार आदि ने भाग लिया।

# एंटी रोमियो टीम ने मनचले को दबोचा, छेड़छाड़ के आरोप में भेजा जेल

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने महिला और बालिकाओं से छेड़छाड़ करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की है।प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना स्तर पर एंटी रोमियो टीम लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक युवक महिलाओं और बालिकाओं के साथ अश्लील हरकत करते हुए उन्हें परेशान कर रहा है। सूचना मिलते ही



एंटी रोमियो टीम मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सारिक निवासी गांव बसेड़ा, थाना कैराना बताया। पुलिस आरोपी को थाने ले आई, जहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और अभद्रता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# गूगल अर्थ के माध्यम से बच्चों ने सीखा सैटेलाइट तस्वीरों की बारिकिया



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में आयोजित भारतीय भाषा समर कैम्प-2026 के छठवें दिन छात्र - छात्राओं को गूगल अर्थ के माध्यम से सैटेलाइट तश्वीरों की बारिकियों को बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इस्तियाक अंसारी व संचालन ओजेर अहमद ने किया। प्रधानाचार्य व भूगोल विषय के मर्मज्ञ शिक्षक संजय द्विवेदी ने बताया कि नदियों, पर्वतों और ऐतिहासिक स्मारकों के बारे में सटीक जानकारी आप ऑनलाइन वेबसाइटों, डिजिटल ज्ञानकोशों और पर्यटन पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। भारतीय स्मारकों के निर्माण का इतिहास, उनकी वास्तुकला और वर्तमान स्थिति की प्रामाणिक जानकारी के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की वेबसाइट देखी जा सकती है।

उन्होंने बताया कि भारत की प्रमुख नदियों के उद्गम, लंबाई और भूगोल को समझने के लिए भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, विकिपीडिया पर भारत और विश्व की प्रमुख नदी प्रणालियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। गूगल अर्थ के जरिए आप घर बैठे ही किसी भी पर्वत, नदी या स्मारक की थ्री डी सैटेलाइट तस्वीरें और उनकी भौगोलिक स्थिति देख सकते हैं। शिक्षक ओजेर अहमद के नेतृत्व में छात्र -छात्राओं ने विश्व व भारत के फ्री हेंड स्केच मानचित्र बनाये। शिक्षकों ने उसका मूल्यांकन कर छात्र -छात्राओं का होंसला बढ़ाया। इस दौरान अब्दुस्सलाम, मोहम्मद परवेज अख्तर, हकीमुल्लाह, फखरुद्दीन, अखिलेश कुमारी, ओजेर अहमद, जुनैद अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद, आरिफ अली सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में 47 दारोगाओं की दीक्षांत परेड, DG ट्रेनिंग ने दिलाई शपथ



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मुरादाबाद।** डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में मंगलवार को 47 प्रशिक्षु दारोगाओं की भव्य दीक्षांत परेड का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डीजी ट्रेनिंग/निदेशक अकादमी राजीव सभरवाल ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली और सभी प्रशिक्षुओं को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

परेड के दौरान अंकित हरमोहन यादव को सर्वांगसर्वोत्त चुना गया। शपथ ग्रहण के साथ ही सभी 47 प्रशिक्षु दारोगा यूपी पुलिस का हिस्सा बन गए।

इनमें 2 महिला दारोगा भी शामिल हैं। यूपी पुलिस में मृतक आश्रित कोटे से चयनित 44 और पूर्व में सीधी भर्ती के बाद चयनित 3 दारोगाओं की ट्रेनिंग 19 मई 2025 से डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रशिक्षण अकादमी में शुरू हुई थी।

12 माह तक इन्हें तीनों नए कानून, फोरेंसिक साइंस, कंप्यूटर, साइबर अपराध, पुलिस रेगुलेशन एक्ट आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा आउटडोर विषयों के तहत शारीरिक प्रशिक्षण, परेड, पीटी, शूटिंग आदि का भी प्रशिक्षण दिया गया।

दीक्षांत परेड के दौरान आईजी अकादमी विनोद कुमार, डीआईजी मुनिराज जी, एसएसपी सतपाल अंतिल समेत जिले के तमाम आला अधिकार।

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने वर्तमान सदर विधायक का किया गुणगान

## पूर्व जनप्रतिनिधियों की साजिश से साढ़े चार साल तक विकास का कार्य रहा ठपः मुमताज अहमद

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** पूर्व जनप्रतिनिधियों की साजिश से सेमरियावा ब्लाक का विकास साढ़े चार साल ठप रहा। पूर्व में मैंने नासमझी में वर्तमान विधायक के विरुद्ध तमाम आरोप भी लगाये। जिसकी मैं और मेरे परिवार ने माफी भी मांगी है। वर्तमान विधायक बहुत नेकदिल और विकास की सोच रखने वाले इंसान हैं। उक्त बातें सेमरियावा ब्लाक के प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद ने ब्लाक में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि चार साल में पूर्व जनप्रतिनिधियों की साजिश से मेरे ऊपर, मेरे भाई पर और मेरे घर वालों पर कई मुकदमे तक दर्ज हुए हम लोगों का जीना दूभर हो गया था पूर्व में जितने जनप्रतिनिधियों से मदद मांगी उन्होंने मुझे छला। अपना पराया समझने में



बहुत देर हो गई। जब मैं पूरी तरह परेशान हो गया तो हम लोग वर्तमान विधायक अंकुर राज तिवारी से मिलकर अपनी व्यथा रखी, वर्तमान विधायक काफी अच्छे नेकदिल और विकास की सोच रखने वाले इंसान हैं उन्होंने हम लोगों को माफ करते हुए साढ़े चार साल से ठप विकास कार्य को शुरू कराया। आज उन्हीं की देन है कि ब्लाक क्षेत्र में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं। जिसका श्रेय वर्तमान विधायक अंकुर राज तिवारी को जाता है। अब कुछ लोग विकास कार्य रोकने के लिए फिर साजिश रच रहे हैं लेकिन हमें वर्तमान विधायक अंकुर राज तिवारी पर पूरा भरोसा है।

इस अवसर पर गुफरान मुनीर, अजय कुमार, पिंटू कुमार, सुशील कुमार, बबलू प्रजापति सहित दर्जनों बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।

# मुठभेड़ के बाद मंदिरों में चोरी करने वाला शातिर बदमाश घायल अवस्था में गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता

**जहांगीराबाद।** जनपद में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना जहांगीराबाद पुलिस और स्वाट टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंदिरों से चोरी की घटनाओं में वांछित चल रहे एक शातिर बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश के पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पकड़े गए शातिर के पास से एक अवैध तमंचा, कारतूस, 400 ग्राम सफेद धातु (चांदी) और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, बीते सोमवार की रात को मुखबिर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना जहांगीराबाद पुलिस व स्वाट टीम ग्राम जसर बम्बे की पुलिया के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी।

इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो वह रुका नहीं और पुलिस को देखकर बाइक तेजी से मोड़कर भागने लगा। व्यक्ति को भागता देख पुलिस को शक हुआ और उसका पीछा करने लगे।





### पुलिस और स्वाट टीम की सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थाना जहांगीराबाद के प्रभारी निरीक्षक श्री सुदेश कुमार के नेतृत्व में उप-निरीक्षक नीरज शर्मा, विशाल चौधरी, सौरभ कुमार व अन्य आरक्षी शामिल रहे। वहीं स्वाट टीम के प्रभारी संदीप कुमार सहित मुख्य आरक्षी कपिल नैन, प्रदीप कुमार, निकुंज यादव और अन्य साथियों की अहम भूमिका रही।

### लंबा आपराधिक इतिहास

पकड़ा गया अभियुक्त हिमांशु मामूली अपराधी नहीं है, बल्कि उसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों (जैसे अनूपशहर, सिकंदराबाद, औरंगाबाद, जहांगीराबाद, अहार, शिकारपुर, खानपुर) में 25 गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें लूट, चोरी, डकैती, जानलेवा हमला (307), आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट जैसी धाराएं शामिल हैं।

टीम द्वारा पीछा किए जाने पर पुलिया के पास कच्चे रास्ते पर बदमाश की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। खुद को घिरा देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया और पुलिस ने उसे दबोच लिया। मुठभेड़ में गिरफ्तार और घायल बदमाश की पहचान हिमांशु उर्फ पुष्पेन्द्र (पुत्र प्र'ाद), निवासी ग्राम सियाली नगर, थाना अहार, जनपद बुलंदशहर के रूप में हुई है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, हिमांशु एक अत्यंत शातिर किस्म का अपराधी है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर 25 मार्च 2026 को चामुंडा माता मंदिर (अमरगढ़) और 23 अप्रैल 2026 को सिद्धबाबा मंदिर में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना जहांगीराबाद में संबंधित धाराओं में मामले पंजीकृत थे।

पुलिस ने बताया कि इसी मामले में कार्रवाई करते हुए 18 मई 2026 को दो अन्य साथी अंकित (पुत्र सतपाल) और रशीक (पुत्र कमल) को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनके खिलाफ पहले से 8-8 मामले दर्ज हैं। उनके कब्जे से एक सफेद धातु का छत्र, दो सिल्ली (सफेद धातु), 4 घंटे, एक बैटरा, एक इनवर्टर, दो अवैध चाकू और एक वैगनआर कार बरामद हुई थी। हिमांशु तभी से फरार चल रहा था।घायल बदमाश हिमांशु के पास से पुलिस को 01 अवैध तमंचा (315 बोर), 02 जिंदा कारतूस और 01 खोखा कारतूस, 01 चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (बिना नंबर), 400 ग्राम सफेद धातु (दो टुकड़ों में) सामान बरामद हुआ है।

# योगी आदित्यनाथ ने नगर के दो होनहारों को लखनऊ में किया सम्मानित

वेलकम इंडिया संवाददाता

**जहांगीराबाद।** छोटे शहरों की प्रतिभाएं जब राष्ट्रीय पटल पर चमकती हैं, तो पूरे क्षेत्र का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है जहांगीराबाद के दो होनहार बच्चों ने, जिन्होंने 'अमर उजाला नेशनल ओलंपियाड' में अपनी मेधा का लोहा मनवाया। इन नन्हे सितारों की इस असाधारण कामयाबी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद लखनऊ में उन्हें सम्मानित कर उनकी पीठ थपथपाई। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान मिलने की खबर जैसे ही नगर में पहुंची, हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई।





### सान्वी और आदित्य ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

एक समाचार पत्र संस्थान द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ओलंपियाड परीक्षा में जहांगीराबाद के दो अलग-अलग स्कूलों के सान्वी गुप्ता (कक्षा 4) सेंट जोसेफ स्कूल की छात्रा और नगर के व्यवसायी (पीलू शू सेंटर) शोभित गुप्ता की सुपुत्री सान्वी ने गणित और सामान्य ज्ञान (GK) विषय में नेशनल लेवल पर टॉप सूची में जगह बनाई वहीं आदित्य श्योरन (कक्षा 5) लॉर्ड कृष्णा इंटर कॉलेज के छात्र आदित्य ने गणित विषय में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता हासिल कर अपनी कुशाग्र बुद्धि का परिचय दिया। आदित्य के पिता उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी (कांस्टेबल) के पद पर तैनात हैं। विद्यालय के शिक्षक आशु गुप्ता ने बताया कि आदित्य शुरू से ही बेहद होनहार और पढ़ाई में अव्वल रहे हैं।

मंच पर मुख्यमंत्री का बेहद सरल और आत्मीय अंदाज देखने को मिला। उन्होंने बच्चों से बड़े ही लाड़-प्यार से बातचीत की, उनका परिचय जाना और भविष्य में इसी तरह आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। सीएम योगी ने बच्चों की कड़ी मेहनत और उनकी काबिलियत की खुलकर तारीफ की। जहांगीराबाद जैसे छोटे नगर के लिए यह बेहद गौरवशाली क्षण है। बच्चों को सूबे के मुखिया से मिले इस सर्वोच्च सम्मान के बाद से ही उनके घरों पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

नगरवासियों, समाजसेवियों और स्कूल प्रबंधन ने दोनों बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सान्वी और आदित्य की इस सफलता ने क्षेत्र के दूसरे बच्चों को भी आगे बढ़ने और कुछ बड़ा करने की प्रेरणा दी है।

# 24 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला





वेलकम इंडिया संवाददाता

**अहमदगढ़/बुलंदशहर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मुमरेजपुर में मंगलवार सुबह को एक युवक का शव उसके ही घर में संदिग्ध परिस्थिति पंखे पर लटका मिला घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा घटना स्थल से फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किए हैं। अहमदगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार पुत्र विजय सिंह उम्र करीब 24 वर्ष का शव उसके ही घर में पंखे से लटका हुआ मिला पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गांव में इस घटना से सनसनी फैल गई है। लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। उधर इस संबंध में अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक वीडी गंगवार ने बताया है कि शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में जनजागरूकता व्याख्यान आयोजित

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मेरठ।** एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2026 के अवसर पर बा' रोगी विभाग (ओपीडी) में उच्च रक्तचाप विषयक जनजागरूकता स्वास्थ्य व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रोगियों एवं उनके परिजनों को उच्च रक्तचाप की रोकथाम, समय पर पहचान तथा नियंत्रण के प्रति जागरूक करना रहा। वर्ष 2026 की थीम मिलकर उच्च रक्तचाप पर नियंत्रण नियमित रूप से रक्तचाप की जाँच करें, मौन घातक को पराजित करें के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों ने नियमित रक्तचाप परीक्षण, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, कम नमक सेवन, नियमित व्यायाम तथा तनाव नियंत्रण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



चिकित्सकों ने बताया कि उच्च रक्तचाप को 'मौन घातक' कहा जाता है, क्योंकि प्रारंभिक अवस्था में इसके स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते।

यदि समय रहते इसका उपचार न किया जाए तो यह हृदयाघात, मस्तिष्काघात, गुर्दा रोग तथा नेत्र संबंधी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, डैश आहार पद्धति का पालन करने, धूम्रपान एवं मद्यपान से दूर रहने तथा चिकित्सकीय परामशार्नुसार औषधियों का नियमित सेवन करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य व्याख्यान में वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. वंदना एवं डॉ. आशु के साथ कनिष्ठ रेजिडेंट डॉ. साक्षी, डॉ. ईशा तथा डॉ. पलक ने सहभागिता की। वहीं विभाग के शहरी स्वास्थ्य केंद्र सूरजकुंड पर भी उच्च रक्तचाप जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सीनियर एजेंट सुगली तथा कनिष्ठ रेजिडेंट आशीष गौरव एवं विशाल गांधी ने उच्च रक्तचाप से बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार के निर्देशन तथा प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता के संरक्षण एवं प्रेरणा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित रोगियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम जनस्वास्थ्य संवर्धन एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# पालिका कार्यालय में महापुरुषों की नहीं लगाई फोटो




मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में अध्यक्ष नजमुल इस्लाम की तस्वीर लगाए जाने को लेकर नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। अध्यक्ष कक्ष में अध्यक्ष न.पा. कांधला की नेमप्लेट के ऊपर लगी बड़ी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों और विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। विपक्ष का आरोप है कि सरकारी कार्यालयों में सामान्यत: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर समेत राष्ट्रीय महापुरुषों की तस्वीरें लगाई जाती हैं, जबकि पालिका कार्यालय में अध्यक्ष की निजी तस्वीर लगाकर सरकारी परंपराओं और मयार्दाओं की अनदेखी की गई है। विपक्षी नेताओं ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है।वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकारी दफ्तर जनता के कार्यों के लिए होते हैं और वहां केवल राष्ट्रीय प्रतीकों व महापुरुषों की तस्वीरें ही लगनी चाहिए। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर को लेकर नगर में चचाओं का दौर जारी है।

# अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष ने प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल से की मुलाकात, संगठन पर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर/लखनऊ।** अपना दल (एस) के बुलंदशहर जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा मंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अध्यक्ष माननीय आशीष पटेल से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष ने बुलंदशहर जनपद में संगठन की वर्तमान गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा से मंत्री जी को अवगत कराया। मंत्री आशीष पटेल ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। उन्होंने जिला अध्यक्ष को निर्देश दिए कि सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। इस दौरान क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर अपना दल एस बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी, पुरुषोत्तम सैन जिला उपाध्यक्ष, गोपाल शर्मा जिला अध्यक्ष बौद्धिक मंच, गंगाशरण चौहान जिला अध्यक्ष शिक्षक मंच,लक्ष्मण भुर्जी,प्रतीक भारद्वाज जिला उपाध्यक्ष युवा मंच,विजय सक्सेना,आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# खाद के गड्ढों की जमीन पर दीवार खड़ी करने का आरोप, डीएम से शिकायत

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में खाद के गड्ढों के लिए दर्ज भूमि पर कब्जा कर दीवार खड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दीवार निर्माण के चलते किसानों को वहां डाली गई खाद निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर भूमि को कब्जा मुक्त कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी आधा दर्जन लोगों ने जिलाधिकारी आलोक यादव को दिए शिकायती पत्र में बताया कि खसरा संख्या 367 में भूमि खाद के गड्ढों के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर लंबे समय से किसान गोबर से बनी खाद डालते आ रहे हैं। आरोप है कि कस्बे के ही दो लोगों ने उक्त भूमि पर कब्जा कर दीवार खड़ी कर दी है। इससे किसानों के लिए खाद निकालना मुश्किल हो गया है।पीड़ितों का कहना है कि मामले को लेकर प्रशासन से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने डीएम से भूमि को कब्जा मुक्त कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।शिकायत करने वालों में बलजोरा, आकाश कुमार, सोनू पूर्व सभासद, राजेंद्र, जसवीर और सतीश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से एचटी पोल क्षतिग्रस्त, बिजली आपूर्ति बाधित





मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर एक किसान के खेत में खड़े विद्युत पोल में ट्रैक्टर की टक्कर लगने से एचटी लाइन का पोल क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के चलते विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई। सूचना पर विद्युत विभाग और पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में किसान और विद्युत विभाग के बीच समझौता हो जाने पर मामला शांत हो गया।थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर कस्बा निवासी किसान नदीम के खेत हैं, जहां उसने अपना ट्यूबवेल बना रखा है। किसान का कहना है कि ट्यूबवेल का मोटर खराब होने के कारण वह मिस्त्री की मदद से ट्रैक्टर द्वारा मोटर निकलवा रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ गया और खेत में खड़े एचटी लाइन के विद्युत पोल में ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होकर गिर गया और लाइन टूटकर जमीन पर जा गिरी। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। विद्युत विभाग की ओर से मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची।

# नर सेवा नारायण सेवा का ज्वलंत दृष्टांत- भण्डारे में उमड़ा जन-सैलाब

समर्थ कुमार सक्सेना

**लखनऊ(वेलकम इंडिया)।** परहित सरिस धर्म नहि भाई। परपीड़ा नहि सम अधमाई की युक्ति को चरितार्थ करती हुई ममता की पर्याय बन चुकी नर सेवा नारायण सेवा के लिए संकल्पित गरीबों असहायों बुजुर्गो महिलाओं छात्रों खिलाडियों एवं दिव्यांगों की सेवा के प्रति समर्पित ममता चैरिटेबल ट्रस्ट समाज में सेवा सहायता शांति सद्भाव समरसता एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार कर सशक्त राष्ट्र की स्थापना हेतु विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ माह के पांचवे मंगलवार दिनांक 19/05/2026 को प्रातः 10 बजे से रात्रि 12 बजे तक 17वा विशाल भण्डारा एवं आध्यात्मिक चेतना समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ भजन संध्या, भक्तिमय झाकियां, भव्य आरती के साथ-साथ समाज को अभिप्रेरित एवं विभिन्न क्षेत्रों में सेवा के लिए अपना योगदान कर रहे लोकप्रिय एवं महान विभूतियों को सम्मानित भी किया गया। प्रत्येक वर्ष की भाति प्रातः नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक सुन्दरकाण्ड पाठ तथा हनुमान जी की आरती के साथ भण्डारे का शुभारम्भ किया गया। भण्डारे का उद्घाटन करते हुए हनुमान मंदिर नैमिषारण्य धाम के पीठाधीश्वर पवन महाराज ने कहा कि सेवा सहायता समर्पण त्याग एवं सहयोग के साथ-साथ भण्डारे एवं आध्यात्मिक चेतना समागम का कार्यक्रम ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के बहुमुखी उद्देश्यों एवं सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र की सशक्तता के प्रति संकल्प को स्थापित करती है। उद्घाटन सत्र के अवसर पर चीफ ट्रस्टी, भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र एवं लोकप्रिय वरिष्ठ समाजसेवक राजीव मिश्र ने कहा कि ममता चैरिटेबल ट्रस्ट समाज के वंचितो एवं जरूरतमंदो की सेवा के लिए 247 कृत संकल्प है। आज बजरंगबली की कृपा से रात्रि 12 बजे तक भण्डारे के साथ-साथ भक्ति के विभिन्न आयामों का रसपान करने का अवसर प्राप्त होगा। सभी भक्तजनो का बहुत बहुत स्वागत है। इस 17वें विशाल भण्डारे में प्रसाद वितरण के अतिरिक्त भक्तजनो के लिए भजनसंध्या, भक्तिमय झांकियां, संगीतमय प्रस्तुतियां, लोकप्रिय एवं महानविभूतियो का सम्मान एवं भक्तिमय नृत्य का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। लोकप्रिय गायको एवं उनकी पूरी टीम ने अपनी प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आज के इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सहकारिता मंत्री जे0पी0एस0 राठौर, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद ददन मिश्रा, भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार, पूर्व सांसद उपेन्द्र रावत, विधायक योगेश वर्मा, अभय सिंह वरिष्ठ नेता रमेश तूफानी, उच्च न्यायालय के वरिष्ठ पूर्व न्यायधीश रंगनाथ पाण्डेय, आर0एस0एस0 के अखिल भारतीय पदाधिकारी ललित श्रीवास्तव, प्रशांत भाटिया लखनऊ महानगर की महापौर सुषमा खर्कवाल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, लखनऊ के वरिष्ठ चिकित्सक, जनप्रतिनिधि सहित कई अन्य मंत्रीगण संगठन के पदाधिकारीगण माननीय सांसदगण, विधायकगण के अतिरिक्त भारी संख्या में विद्वान अधिवक्तागण शिक्षकगण, कार्यकर्तागण, सहयोगी अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लाखों की संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद गृहण एवं भक्ति का रसपान किया बंगाल की प्रसिद्ध झालमुडी का स्टॉल भक्तगणों के लिए विशिष्ट आकर्षण का केन्द्र रहा।











# आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल में समर कैंप 2026 का भव्य उद्घाटन

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल में समर कैंप 2026 का शुभारंभ बड़े उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की वाइस चेयरवुमन श्रीमती आँचल गोयल द्वारा किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज सिंह भी उपस्थित रहीं। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावकों की विशेष उपस्थिति देखने को मिली।सभी ने समर कैंप के शुभारंभ का गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। समर कैंप के प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ नृत्य, कला एवं शिल्प, खेल-कूद, योग, संगीत तथा रचनात्मक शिक्षण गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।समर कैंप का मुख्य आकर्षण सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण सत्र रहा, जो बच्चों एवं अभिभावकों के लिए पूर्णतः निःशुल्क आयोजित किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश पुलिस कोच नीरज गहलोत द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को आत्मरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए। कार्यक्रम के दौरान डायरेक्टर प्रिंसिपल कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज सिंह ने विद्यार्थियों को समर कैंप की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा नई क्षमताओं को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि समर कैंप के समापन अवसर पर एक भव्य ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों की विभिन्न प्रस्तुतियाँ एवं विशेष कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह समापन समारोह 23 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि समर कैंप 2026 विद्यार्थियों के लिए सीखने, मनोरंजन, रचनात्मकता एवं आत्मविकास का एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध होगा तथा आने वाले दिनों में भी विद्यार्थी इसी उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते रहेंगे।

# स्वतंत्र प्रभार मंत्री सोमेंद्र तोमर का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश सरकार के नवमनोनीत स्वतंत्र प्रभार मंत्री सोमेंद्र तोमर का भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मंत्री बनने के बाद पहली बार मोदीनगर पहुंचने पर समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। बताया गया कि मंत्री सोमेंद्र तोमर सराय काले खां से मेट्रो के माध्यम से मेरठ की ओर रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने जनता को पेट्रोल और डीजल की बचत तथा सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। मोदीनगर में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद जाटव, वैशाली मोनू धाम, राहुल प्रधान, पिंकाल गुर्जर और निर्दोष खटाना सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

इस मौके पर मंत्री सोमेंद्र तोमर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल की बचत और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की अपील की गई है, जिसका पालन सभी देशवासियों को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह स्वयं मेट्रो से यात्रा कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग समय की आवश्यकता है और सरकार इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

# दीपक हत्याकांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**कपिल चौहान**

**नोएडा (वेलकम इंडिया)।** थाना सेक्टर–63 क्षेत्र के चर्चित दीपक हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सेक्टर–63 पुलिस और आरोपियों के बीच हुई मुठभेड़ में हत्या के मामले में वांछित दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि दो बाल अपचारियों को भी पुलिस ने अभिरक्षा में ले लिया है।पुलिस के अनुसार, 17 मई 2026 को चोटपुर कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय दीपक को पैसों के विवाद में आरोपियों ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उपचार के दौरान दीपक की मौत हो गई, जिसके बाद मुकदमे में धारा 103(1) बीएनएस बढ़ाई गई। 18 मई को बहलोलपुर अंडरपास से एफएनजी रोड की ओर ग्रीन बेल्ट सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की और पीछा किए जाने पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी — अमन और संदीप कुमार — गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं, मामले में शामिल दो बाल अपचारियों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।

# तहसील परिसर में साक्षरता शिविर का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** उतर प्रदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेश पर जिला जज विनोद कुमार रावत अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के नियंत्रण पर नेहा बनौधिया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के आदेश पर तहसील परिसर में एक वृद्ध शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता संजय मुदगल ने की।

शिविर का संचालन पैरा लीगल वालंटियर राहुल कुमार द्वारा किया गया। पैनल अधिवक्ता संजय मुदगल ने बताया कि माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण एंव कल्याण अधिनियम 2007 में भारत के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष कानून है। भरण पोषण का अधिकार यदि कोई वृद्ध व्यक्ति अपनी आय या संपत्ति से अपना खर्च उठाने मे असमर्थ है, तो वे अपने बच्चों या कानूनी वारिसों से भरण पोषण की मांग कर सकते है। न्याय के लिए समय सीमा भरण पोषण के लिए दायर किसी भी आवेदन का निस्तारण 90 दिनो के अन्दर किया जायेगा।

उत्पीड़न पर सजा यदि बच्चे या रिश्तेदार किसी वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल नहीं करता है तो कानून में यह भी प्रावधान है, कि उन्हे 3 से 6 माह तक की जेल हो सकती है, तथा 10,000/- रुपए जुमार्ना व सजा का दोनों का प्रावधान है। यह प्रार्थना पत्र अपनी तहसील के उपजिलाधिकारी को भी दिया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से मुफ्त कानूनी सहायता व निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। भारत सरकार द्वारा आयु में वृद्ध व्यक्ति 60 वर्ष की आयु में माना जाता है। वृद्धो के लिए वृद्धा पेंशन सरकार द्वारा दी जाती है। पैनल अधिवक्ता संगीता द्वारा बताया गया कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर ओर वंचित वर्गों को मुफ्त एंव सक्षम कानूनी सहायता प्रदान करना है ताकि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण कोई भी नागरिक न्याय से वंचित न रहे यह भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत संचालित है। नाजीर जगपाल सिंह, एस0डी0एम0 स्टेनो राहुल, नकुल, अधिवक्ता सपना, पैरा लीगल वोलिन्टर नीलम वर्मा, जयाश्री कश्यप, जया कश्यप, राहुल कुमार, कीर्ति सिह, उमंग किशोर सूजल आदि उपस्थित रहे।

# जैन स्वीटस के तत्वावधान में ठंडे शरबत का किया गया वितरण



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भीषण तपती गर्मी से लोगों को निजात दिलाने के लिए मुरादनगर दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग स्थित जैन स्वीट्स के तत्वावधान में मंगलवार को राहगीरों को ठंडे शरबत का वितरण किया गया। जैन स्वीटस के मालिक स्वदेश जैन व गौरव जैन ने बताया कि भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए सप्ताह में एक बार मीठे शरबत का वितरण किया जाता है। श्रद्धा से किया कोई भी कार्य मन को शांति प्रदान करता है और साथ ही लोगों को भी राहत मिलती है।

# स्वर्ण कारोबार में मंदी से बढ़ा संकट, स्वर्णकार समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर के बैनर तले मंगलवार को पुनीत वर्मा, उपाध्यक्ष स्वर्णकार समाज एवं महामंत्री उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर के नेतृत्व में स्वर्णकार कारोबारियों और ज्वेलर्स प्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्वर्ण व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों, कारीगरों और श्रमिकों की आर्थिक समस्याओं को उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि देशभर में स्वर्ण आभूषणों की खरीद में लगातार गिरावट आने से स्वर्ण व्यवसाय गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। इसका सीधा असर छोटे व्यापारियों, कारीगरों, मजदूरों और इस व्यवसाय से जुड़े अन्य लोगों पर पड़ रहा है। व्यापार में कमी के चलते अनेक परिवारों के सामने रोजगार और आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हालात इतने खराब हो चुके हैं कि कई व्यापारियों को परिवार का पालन-पोषण करने के लिए अन्य कार्य करने पड़ रहे हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो लाखों परिवारों के सामने आर्थिक संकट और गहरा सकता है तथा बच्चों की शिक्षा और परिवारों का भरण-पोषण प्रभावित होगा। स्वर्णकार समाज ने सरकार से मांग की कि स्वर्ण व्यवसायियों एवं ज्वेलर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए विशेष आर्थिक सहायता पैकेज, आसान ऋण सुविधा और अन्य राहत योजनाएं लागू की जाएं, ताकि इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को राहत मिल सके।इस दौरान स्वर्णकार समाज मोदीनगर के कई पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर स्वर्ण व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की।

# शराब और गांजा तस्करी करने वाले तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस ने हरियाणा से बिहार में शराब तस्करी करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये बदमाश बिहार से गांजा लाकर मोदीनगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी बेचते थे। पुलिस ने इनके पास से 94 बोतल अवैध शराब और 739 ग्राम गांजा बरामद किया है।

एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि निवाड़ी थाना पुलिस को हरियाणा से बिहार भेजी जाने वाली अवैध शराब की तस्करी की सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर निवाड़ी थाना प्रभारी और स्वाट टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। गंगनहर पुल के पास एक कार से अवैध शराब बरामद कर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में बदमाशों ने अपनी पहचान हिमांशु कुमार, अनमोल और मनीष कुमार के रूप में बताई। ये तीनों बिहार के पटना जिले के मोकामा कस्बे के वार्ड नंबर 15 के निवासी हैं।

बदमाशों ने खुलासा किया कि बिहार में शराबबंदी लागू होने के कारण वे हरियाणा से शराब लाकर बिहार में ऊंचे दामों पर बेचते थे। इसके अतिरिक्त, वे बिहार से गांजा लाकर मोदीनगर और आसपास के क्षेत्रों में पुड़िया बनाकर बेचते थे। बदमाशों ने बताया कि वे 12 दिन पहले ही बिहार से मोदीनगर आए थे और किराए पर कमरा लेकर रह रहे थे। वे साहिबाबाद से ऑनलाइन सेल्फ-ड्राइव कार किराए पर लेकर हरियाणा के मुरथल से अवैध शराब ला रहे थे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में 'समर फिएस्टा 2.0' का भव्य शुभारंभ

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में 7 दिवसीय समर कैंप 'समर फिएस्टा 2.0' का उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला, जहाँ छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेना प्रारंभ किया। सात दिवसीय इस समर कैंप के अंतर्गत प्रतिदिन विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें स्पोर्ट्स एंड फिटनेस, क्राफ्टोपिया, इकोज ऑन स्टेज, माइक मास्टर्स, डांस रिवोल्यूशन, रोबोटिक्स, तथा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ शामिल हैं। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी एवं ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि 'ऐसे समर कैंप विद्यार्थियों को अपनी छिपी प्रतिभाओं को निखारने और नए कौशल सीखने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं। शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व के समग्र विकास से जुड़ी होती है।' ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'यह समर कैंप विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा मंच है जहाँ वे सीखने के साथ-साथ आनंद भी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसी गतिविधियाँ उनके आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने में सहायक होती हैं।' विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने अपने संबोधन में कहा कि 'समर फिएस्टा 2.0 का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक दिनचर्या से हटकर एक सृजनात्मक और आनंदमय वातावरण प्रदान करना है। हम सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाएँ और अपने कौशल को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ।' कार्यक्रम का समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ तथा आगामी दिनों के लिए विद्यार्थियों में विशेष उत्सुकता देखने को मिली।

# तुलसीराम माहेश्वरी पीबीएएस इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** तुलसीराम माहेश्वरी पीबीएएस इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न कराया गया। चुनाव में सभी पदाधिकारीगण निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।समिति के अध्यक्ष सेठ विनोद माहेश्वरी ने बताया कि पीबीएएस इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव के लिए डीआईओएस ने चुनाव अधिकारी कृष्ण इंटर कॉलेज, निवाड़ी के पूर्व प्रधानाचार्य महेंश चंद त्यागी एवं पर्यवेक्षक के रूप में नाहली कॉलेज की प्रधानाचार्या झरना दूबे को मनोनीत किया गया था। चुनाव अधिकारी और पर्यवेक्षक के अलावा समिति के अध्यक्ष सेठ विनोद कुमार माहेश्वरी की देखरेख में उपाध्यक्ष पद के लिए बिहारी लाल बाबू, प्रबंधक पद के लिए एसके जैन, उपप्रबंधक हेतु डीसी शर्मा और कोषाध्यक्ष हेतु राकेश कुमार शारदा ने अपना नामांकन किया।

तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी सभी पदों पर एक एक ही नामांकन होने के कारण सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव परिणामों की घोषणा होने के बाद चुनाव अधिकारी महेंद्र त्यागी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र व बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# महिला को टक्कर मारकर अस्पताल से फरार हुआ युवक

**साहिबाबाद(वेलकम इंडिया)।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र के लाजपत नगर में तेज रफ्तार बाइक सवार की लापरवाही एक महिला पर भारी पड़ गई। सड़क पार करते समय बाइक सवार युवक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में महिला के कंधे और कूल्हे में फ्रैक्चर होने के साथ घुटने, पसली और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजेंद्र नगर सेक्टर–तीन निवासी विक्रांत कुमार रघुवंशी ने बताया कि 16 मई की रात करीब पौने आठ बजे उनकी मां किसी कार्य से लाजपत नगर गई थीं। इसी दौरान तेज गति से आ रहे बाइक सवार युवक ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी युवक को मौके पर ही पकड़ लिया और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर विक्रांत कुमार मौके पर पहुंचे और घायल मां को उपचार के लिए अम्बे अस्पताल ले जाने लगे।

# इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 16 से 18 में को आयोजित इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 7 स्वर्ण,7 रजत,व 5 कांस्य पदक व (कुल19)पदक जीते गाजियाबाद टीम कोच अजय कुमार व टीम मैनेजर तरुण त्यागी ने बताया सब जूनियर जूनियर कैडेट एवं सीनियर विजेता खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में -30 किग्रा आनिया -50 किग्रा चौधरी, 45 किग्रा आरव चिकारा, -35 किग्रा देवराज, -70 किग्रा आयुष गिरी,- किग्रा अद्विक गौतम -40 किग्रा तक्ष्य त्यागी ने गोल्ड मेडल -50 किग्रा नव्य शर्मा,-55 किग्रा आयुष मिश्रा,-50 किग्रा शुभम सिंह, -35 किग्रा सम्राट नेहरा, -40 किग्रा कुणाल सागर, -45 किग्रा प्रीति चौधरी, -40 किग्रा हंसिका,30 किग्रा विहान चौधरी ने रजत पदक 45 किग्रा गुनगुन, -50 रेनू सेन, -40 यस कश्यप -30 किग्रा प्रत्यूष भारद्वाज ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया फेडरेशन के फाउंडर एवं प्रतियोगिता के आयोजक रजनीश चौधरी व सी ए आरके सिंघल व गाजियाबाद के महागुरु श्री अनिल कौशिक ने कहा कि इससे गाजियाबाद और उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ा है ! सभी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने जनता दर्शन में सुनी जनसमस्यायें



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय ने जनमानस की सुविधा हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित हुआ है कि सभी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे जन शिकायतें सुनेंगे और उनके साथ जूम पर लाइव रहेंगे। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें शिकायतों से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए।

# लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर में उत्तर प्रदेश पुलिस का शानदार प्रदर्शन







वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** लखनऊ में 9 मई से 13 मई 2026 तक आयोजित ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस की पुरुष एवं महिला टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता पुलिस विभाग की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिताओं में मानी जाती है, जिसमें देशभर की राज्य पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की टीमें भाग लेती हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता में पूरे भारत से 42 टीमों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 1200 खिलाड़ी शामिल हुए। इनमें से करीब 700 खिलाड़ी बैडमिंटन तथा शेष खिलाड़ी टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में विभिन्न टीमों का प्रतिनिधित्व करते हुए मैदान में उतरे।

उत्तर प्रदेश पुलिस की बैडमिंटन टीम ने हेड कोच सब-इंस्पेक्टर वरुण पवार, महिला कोच हेड कांस्टेबल भावना बालियांन तथा सहायक कोच हेड कांस्टेबल विनय कुमार पांडे के कुशल मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन किया। टीम इवेंट में महिला टीम ने द्वितीय स्थान और पुरुष टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। गौरतलब है कि पिछली बार यह प्रतियोगिता कोच्चि में आयोजित हुई थी, जहां उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम ने 10 पदक जीते थे। इस बार टीम ने अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार करते हुए 17 पदक हासिल किए।

टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उत्तर प्रदेश पुलिस के खेल सचिव डॉ. प्रीतिंदर सिंह ने खिलाड़ियों और कोचों को बधाई दी तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। बताया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस की पुरुष और महिला बैडमिंटन टीमें नियमित रूप से सीबीआई अकादमी में अभ्यास करती हैं और गाजियाबाद की पुलिस लाइन में निवास करती हैं। खिलाड़ियों और कोचों ने इस सफलता का श्रेय अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और सहयोग को दिया। टीम ने विशेष रूप से जे. रविंदर गौड, केशव चौधरी, पीयूष सिंह, शुहेल शर्मा तथा संजय मान के सहयोग को इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण बताया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। अब टीम की नजर अगली प्रतियोगिता पर है, जो अहमदाबाद में अक्टूबर 2026 में प्रस्तावित है। इसके लिए खिलाड़ी फिर से कड़ी तैयारी करते हुए सीबीआई अकादमी में नियमित अभ्यास करेंगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए मेहनत जारी रखेंगे।

# गाजियाबाद नगर निगम का 'संभव' कार्यक्रम, शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता







**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त महोदय द्वारा 'संभव' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र एवं समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनसुनवाई के दौरान पेयजल, सफाई व्यवस्था, सड़क मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। नगर निगम प्रशासन ने दोहराया कि गाजियाबाद नगर निगम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सदैव प्रतिबद्ध है तथा 'संभव' कार्यक्रम के माध्यम से जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।

# गरीब मरीजों की आंखों की रोशनी बचाने को आगे आया सेल, 53 लाख की हाईटेक मशीन वरदान रेटिना सेंटर को भेंट

वेलकम इंडिया संवाददाता







**साहिबाबाद।** साहिबाबाद स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सेल) ने अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत समाजहित में एक सराहनीय कदम उठाते हुए वरदान रेटिना सेंटर, गाजियाबाद को अत्याधुनिक रेटिना डायग्नोस्टिक उपकरण उपलब्ध कराए हैं। इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।

वर्ष 1994 से कार्यरत यह संस्थान वरदान सेवा संस्थान की इकाई है और लंबे समय से गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को सुलभ दरों पर नेत्र उपचार उपलब्ध करा रहा है। यहां विशेष रूप से डायबिटिक रेटिनोपैथी, रेटिनल डिटैचमेंट और उम्र संबंधी रेटिना रोगों का उपचार किया जाता है।

संस्थान में मौजूद कई महत्वपूर्ण रेटिनल उपकरण अपनी उपयोगी अवधि पूरी कर चुके थे, जिससे समय पर जांच और इलाज प्रभावित होने की आशंका थी। इसे देखते हुए सेल की सीएसआर समिति ने आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। सीएसआर समिति ने लगभग 53 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक फंडस कैमरा मशीन उपलब्ध कराने को स्वीकृति दी, जिससे रेटिना संबंधी बीमारियों की समय पर पहचान और उपचार में मदद मिलेगी। इस अवसर पर सेल के सीएमडी चेतन प्रकाश जैन ने कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना संस्था की प्राथमिकता है और भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक दायित्व निभाए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में श्रीमती सरिता कौल, सत्यम सिंह, रजत गर्ग, पंकज खन्ना सहित डॉ. एस. पी. सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान सीएमडी ने मशीन से संबंधित दस्तावेज डॉ. एस.पी. सिंह को सौंपे।

सेल की यह पहल स्वास्थ्य क्षेत्र में सामाजिक दायित्व और जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का उदाहरण मानी जा रही है।

# रात के अंधेरे में पुलिस का सख्त पहरा, वेव सिटी में एसीपी के नेतृत्व में चला चेकिंग अभियान

कपिल चौहान










**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वेव सिटी क्षेत्र में देर रात विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान दिनांक 18/19 मई 2026 की रात्रि में सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल के निर्देशन एवं नेतृत्व में संचालित किया गया। रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एसीपी द्वारा थाना वेव सिटी पुलिस को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके पश्चात पुलिस टीमों को क्षेत्र में सक्रिय करते हुए रणनीतिक स्थानों पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान के तहत जयपुरिया कट एवं लाल कुआँ जैसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती की गई। यहां आने-जाने वाले प्रत्येक वाहन को रोककर न केवल उनकी गहन जांच की गई, बल्कि संदिग्ध प्रतीत होने वाले व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। पुलिस टीमों द्वारा वाहनों के दस्तावेज, पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक कागजातों की बारीकी से जांच की गई। रात्रिकालीन इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस बल पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आया। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर नजर रखने के लिए निरंतर गश्त भी की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के चेकिंग अभियान समय-समय पर चलाए जाते रहेंगे, जिससे आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल और मजबूत हो। पुलिस प्रशासन ने यह भी कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल जांच करना ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों में यह विश्वास स्थापित करना भी है कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# स्वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना निवाड़ी पुलिस ने 3 शातिर तस्करों को दबोचा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान में स्वाट टीम ग्रामीण जोन एवं थाना निवाड़ी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 03 शातिर शराब एवं गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर एक बड़े अवैध तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। दिनांक 18.05.2026 को की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कनन ग्रीन सोसाइटी स्थित एक किराए के फ्लैट पर छापा मारकर तस्करी का भंडाफोड़ किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में हिमांशु कुमार, अनमोल एवं मनीष कुमार निवासी जनपद पटना (बिहार) शामिल हैं।

तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से 07 पेटी व 10 बोतल (कुल 94 बोतल) अवैध हरियाणा मार्का ब्लेंडर प्राइड शराब, 739 ग्राम गांजा (पैकेट/पुड़िया), एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा तथा ₹1120 नकद बरामद किए। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना निवाड़ी में आबकारी अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे हरियाणा से सस्ती शराब लाकर बिहार में ऊँचे दामों पर बेचते थे तथा बिहार से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश में पुड़िया बनाकर अवैध बिक्री करते थे।

उन्होंने बताया कि रेल मार्ग एवं ऑनलाइन किराए की कार के माध्यम से तस्करी की जाती थी तथा मोदीनगर क्षेत्र की पूर्व जानकारी के आधार पर यहां किराए पर फ्लैट लेकर अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस द्वारा इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है तथा अन्य संभावित सहयोगियों की तलाश जारी है।

## जिले में धारा 163 लागू

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** आगामी त्योहारों, जुलूसों, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों, विभिन्न राजनीतिक दलों एवं संगठनों द्वारा संभावित प्रदर्शनों तथा विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद कमिश्नरेट क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से धारा 163 बीएनएसएस-2023 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था/यातायात) द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, सामाजिक सौहार्द में व्यवधान अथवा कानून-व्यवस्था भंग होने की संभावना को रोकने के लिए यह कदम आवश्यक हो गया था।

# भीषण गर्मी की मार: गाज़ियाबाद में पारा 45°C के करीब, लू ने बढ़ाई मुश्किलें, जनजीवन प्रभावित









कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** मई की तपती गर्मी ने गाज़ियाबाद समेत पूरे एनसीआर को अपनी चपेट में ले लिया है। मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार शहर में अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान करीब 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार बढ़ते तापमान और लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन पर असर डालना शुरू कर दिया है।

सुबह से ही सड़कों पर गर्मी का असर दिखाई देने लगा और दोपहर तक हालात और कठिन हो गए। बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की आवाजाही कम नजर आई। तेज धूप से बचने के लिए लोग सिर और चेहरे को कपड़ों से ढककर निकलते दिखाई दिए। वहीं बच्चों, बुजुर्गों और दिहाड़ी मजदूरों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच लू का असर सबसे ज्यादा देखने को मिला। स्वास्थ्य विभाग और मौसम विशेषज्ञों ने लोगों को इस दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव करने की सलाह दी है। चिकित्सकों ने हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और चक्कर आने जैसी समस्याओं को लेकर सतर्क रहने की अपील की है। गर्मी बढ़ने के साथ बिजली और पानी की मांग भी तेजी से बढ़ी है। शहर के कई इलाकों से बिजली कटौती और पानी की कमी की शिकायतें सामने आई हैं। दूसरी ओर गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कूलर, एसी और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। सड़क किनारे बेल का शरबत, गन्ने का रस और अन्य ठंडे पेय बेचने वालों की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में भी गाज़ियाबाद और आसपास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू का असर जारी रह सकता है। हालांकि कुछ इलाकों में तेज हवाएं और हल्की बारिश की संभावना से मामूली राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है।

प्रशासन ने भी नागरिकों से सावधानी बरतने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। लगातार बढ़ती गर्मी और पारे में हो रही बढ़ोतरी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

# शालीमार गार्डन के दिशा होम अपार्टमेंट में लगी भीषण आग, दमकल कर्मियों ने मौत के मुंह से बचाई 12 जिंदगियां

कपिल चौहान





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 स्थित दिशा होम अपार्टमेंट की बिल्डिंग संख्या-815 में रविवार शाम अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग देखते ही देखते तीसरी और चौथी मंजिल तक फैल गई, जिससे अपार्टमेंट में रहने वाले लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन साहिबाबाद की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति गंभीर होने पर लोनी, वैशाली और कोतवाली फायर स्टेशनों से अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाए गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। अपार्टमेंट के अंदर सीढ़ियों और गलियारों में धुआं भर जाने से रेस्क्यू अभियान चुनौतीपूर्ण हो गया। फायर कर्मियों ने बी.ए. सेट (Breathing Apparatus) की मदद से रास्ता बनाया और अंदर फंसे लोगों तक पहुंचकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल विभाग ने साहसिक अभियान चलाते हुए देवांश, द्वारिका, प्रभव, संभव, लता, ओमप्रकाश, मनीष, संजय, नरेश, मुस्कान, अनीता गोस्वामी, अन्वी गोस्वामी और तानिया समेत लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया।

घटना के बाद किए गए निरीक्षण में सामने आया कि आग बिल्डिंग के T-1 फ्लैट के स्वामी रवि गोस्वामी और S-1 फ्लैट के कृष्ण पटेल से संबंधित हिस्से में लगी थी। राहत की बात रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फायर कर्मियों की बहादुरी और त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया और कई परिवार सुरक्षित बच गए।